# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 27 अगस्त 2023 । वर्ष –67 । अंक –291 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



■ कला किसी की बपौती... ■ एक आजाद ख्याल... 04

■ ताईवान से जंग चाहता है चीन ? 20 लड़ाकू... ■ प्रिगोझिन की मौत के बाद पगलाए वैगनर... 09

■ एसबीआई ने लॉन्च की नई स्कीम, पासबुक... ■ सरकार ने बासमती चावल पर लगाई एमईपी... 11

■ नंबर चार के लिए बिलकुल.. ■ पीसीबी के मेहमान बनकर.. 10


सार संक्षेप

## दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का निधन



**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। दिवंगत कोहली का पार्थिव शरीर आज दोपहर लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित उनके घर पर लोगों और उनके प्रशंसकों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम ओशिवारा श्मशान घाट पर किया गया। कोहली का जन्म दो नवंबर, 1942 को पाकिस्तान के रावलपिंडी के एक सिख परिवार में हुआ था। बाद में, उनका परिवार देहरादून में बस गया था।

## ईडी ने गोल्डन बाबा की 1.53 करोड़ की संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भुवनेश्वर के ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के मालिक ज्योति रंजना बेउरा उर्फ गोल्डन बाबा द्वारा अपराध की आय के रूप में अर्जित 1.53 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने ओडिशा में व्यवसायियों को 5.50 करोड़ का ऋण प्रदान करने में उनके द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में गोल्डन बाबा के खिलाफ पीएमएलए जांच शुरू की। इस संबंध में पहले उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू भुवनेश्वर द्वारा एफआईआर दर्ज की गई थी।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा–सुनती हो**–प्रदेश की सरकार में चुनाव से दो महीने पहले 3 नए मंत्री बने हैं।

**चुहिया– हां प्रिये**– असंतोष से निपटने के लिए हर सरकार इस तरह के पैंतरे अपनाती है।

# लखनऊ से रामेश्वरम जा रही भारत गौरव ट्रेन में लगी भीषण आग, 9 यात्रियों की मौत, 20 से ज्यादा हुए घायल

**चेन्नई, ( एजेंसियां )।** तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक यात्री में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। रेलवे सूत्रों ने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के लखनऊ–रामेश्वरम एक्सप्रेस में हुई।

सूत्रों ने बताया कि सभी मृतक उत्तर प्रदेश के थे और रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। प्रभावित कोच में 55 यात्री थे, जिसे शुक्रवार को नागरकोइल में जोड़ा गया था। सूत्रों ने बताया कि खाना पकाने के लिए अवैध रूप से कोच के अंदर ले जाए जा रहे गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी। इस बीच, घायल हुए 20 लोगों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन मदुरै रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूर एक यार्ड में खड़ी थी और यात्री दर्शन के लिए मीनाक्षी मंदिर के लिए निकलने वाले थे। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि आग ट्रेन में सवार श्रद्धालुओं द्वारा गैस सिलेंडर से खाना पकाने की गतिविधियों के कारण लगी।

एक डिब्बे से शुरू हुई आग की लपटें तेजी से अगल–बगल के डिब्बे तक फैल गईं। आग लगने के कारण मची अफरा–तफरी के बीच यात्रियों ने तुरंत ट्रेन को खाली कर दिया और नीचे उतर गए। इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी यात्री उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आग लगने की घटना की सूचना सुबह करीब 5.15 बजे मिली। अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग



मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। ट्रेन जब मदुरै रेलवे स्टेशन पहुंची तो कई लोग उतर चुके थे। मदुरै जिला कलेक्टर संगीता ने मीडियाकर्मियों को बताया कि घायलों को अस्पतालों में भेज दिया गया है और इलाज चल रहा है।

## शिवपुरी में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत, 4 भैंसें भी मरी



### सभी मृतक आपस में रिश्तेदार

**शिवपुरी।** शिवपुरी में भैंसों से भरा पिकअप वाह्न अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। पिकअप का पिछला हिस्सा पिचककर केबिन के ऊपर चढ़ गया। केबिन में बैठे चारों युवक दब गए। उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। चार भैंसों की भी मौत हो गई। हादसा केरुआ गांव के पास नरवर–भितरवार मार्ग पर शनिवार तड़के 4 बजे हुआ।

मगरौनी चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया। मृतकों की पहचान नासिर कुरैशी (20), सन्नू कुरैशी (32), समीर कुरैशी (22) और फरमान कुरैशी (25) के रूप में हुई है। सभी राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले थे। शिवपुरी से भैंस खरीदकर वापस धौलपुर जा रहे थे। नरवर चौकी प्रभारी सुमित शर्मा ने बताया कि पिकअप वाह्न के लोडिंग वाले हिस्से को मॉडिफाई कर बड़ा बनवाया गया था।

# चुनाव से दो महीने पहले तीन नए मंत्री बनाए

### शिवराज ने किया मंत्रिमंडल विस्तार, मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 33 तक पहुंची



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में शामिल तीन नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। रीवा से विधायक राजेंद्र शुक्ल, बालाघाट से विधायक गौरीशंकर बिसेन और खरगापुर से विधायक राहुल लोधी को मंत्री बनाया गया। शपथ ग्रहण समारोह मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में राजभवन में आयोजित किया गया।

राजभवन में आयोजित संक्षिप्त एवं गरिमामय समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने तीनों नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले क्षेत्रीय, जातीय और राजनैतिक संतुलन के उद्देश्य से नए मंत्रियों को शपथ दिलायी गई है।

नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, चौहान के मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 33 तक पहुंच गई है। इसमें 25 कैबिनेट मंत्री और आठ राज्य मंत्री शामिल हैं। दो सौ तीस सदस्यीय राज्य विधानसभा में तय मापदंड के अनुरूप मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 35 मंत्री हो सकते हैं। इस तरह अब भी एक पद रिक्त है।

रीवा से चार बार विधायक रहे शुक्ला विंध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और वे पहले भी मंत्री रह चुके हैं, जहां 2018 में 30 में से 24 सीटों पर जीत के साथ भाजपा का दबदबा था। लोधी पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे हैं। बुंदेलखंड की खरगापुर विधानसभा सीट से विधायक हैं और वर्ष 2018 में पहली बार ही विधायक बने हैं। उन्हें राज्य मंत्री बनाकर अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को साधने की कोशिश की गई है।

इस बीच,महाकौशल अंचल से आने वाले लगभग 70 वर्षीय वरिष्ठ भाजपा नेता और बालाघाट से सात बार के विधायक बिसेन कैबिनेट पद की अपनी आकांक्षा के बारे में मुखर रहे हैं। पटेल महाकौशल क्षेत्र से आते हैं, जहां कांग्रेस ने 2018 में भाजपा की 13 सीटों की तुलना में 24 सीटें हासिल कीं। राज्य में आगामी नवंबर दिसंबर माह में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। हालाकि अभी चुनाव कार्यक्रम तय नहीं हुआ है।

# भोपाल में पटवारियों का प्रदर्शन, मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी




**भोपाल, देशबन्धु।** अपनी लंबित मांगों को सरकार से मनवाने प्रदेश भर के पटवारी शनिवार सुबह राजधानी में जुटे। यहां सुबह 11बजे के बाद तिरंगा यात्रा शुरू हुई। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सीएम हाउस तक शांतिपूर्वक तिरंगा यात्रा निकाल रहे थे। चुनाव से पहले अब सरकारी कर्मचारियों के साथ ही पटवारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को भोपाल में बड़ी संख्या में पटवारी और कोटवार अपनी मांगों को लेकर अटल पथ पर एकत्रित हुए। यहां से सीएम आवास तक तिरंगा यात्रा निकालने निकले पटवारियों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक दिया। पटवारियों ने 28 अगस्त तक पूरा नहीं करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। प्रदेश भर के पटवारी शनिवार सुबह राजधानी में ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश की प्रगति के लिए जरूरी हैं अभियंता और वैज्ञानिक : शिवराज

### झाबुआ में यूआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज भवन लोकार्पित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश की प्रगति के लिए अभियंता और वैज्ञानिक दोनों आवश्यक हैं। जनजातीय बहुल क्षेत्र झाबुआ में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत करीब आठ वर्ष पूर्व खोला गया इंजीनियरिंग कॉलेज वर्ष 2019 में बंद करने के आदेश दे दिए गए।

वर्ष 2020 में पुनः मुख्यमंत्री बनने के बाद मेरे संज्ञान में यह बात आयी और मैंने महाविद्यालय पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आज लगभग 36 एकड़ क्षेत्र में



नवनिर्मित कॉलेज भवन का लाभ 500 से अधिक विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री झाबुआ में 34 करोड़ 65 लाख की लागत के नवनिर्मित यूआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, सांसद श्री जी.एस. डामोर के साथ ही विधायक श्रीमती निर्मला भूरिया और अन्य जन–प्रतिनिधि उपस्थित थे। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुंबई बैठक के लिए तैयार

### राष्ट्रीय संयोजक को लेकर लिया जाएगा फैसला, उप समिति के गठन पर भी हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी महत्वपूर्ण बैठक के बाद मजबूत होने के लिए तैयार है। इंडिया (आईएनडीआईए) सदस्य दलों के सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महाराष्ट्र शेतकारी दल की भागीदारी होगी। 23 जून को पटना में हुई पहली बैठक में 16 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। एक महीने से भी कम समय में, 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में दूसरे दौर की बैठक के दौरान गठबंधन 26 दलों तक पहुंच गया था। तीसरी बैठक में एक और दल को जोड़ने के अलावा राज्य स्तर पर गठबंधन के लिए उप समिति और सामूहिक बैठक पर भी निर्णय लिया जायेगा। पार्टी सूत्रों ने कहा कि उप–समिति के गठन से 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के कामकाज में मदद मिलेगी।

मुंबई की बैठक में गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक को लेकर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, कई नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय संयोजक का पद सृजित करने के बजाय कई दलों की उप समिति इस पद को संभाल सकती है, जो कार्यक्रमों को तय करने का काम भी करेगी और पार्टियों के बीच समन्वय की अहम भूमिका भी निभाएगी। सूत्रों ने आगे कहा कि तीसरी बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम के मसौदे और इंडिया पार्टियों के लोगो पर भी चर्चा की जाएगी, जो मुंबई में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना (यूबीटी) के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी द्वारा आयोजित की जा रही है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### धार्मिक भेदभाव के आधार पिटाई का मामला

# भाजपा का केरोसिन देश के कोने-कोने में फैला : राहुल

### बोले, बच्चों को नफरत नहीं, मोहब्बत सिखानी है

**नई दिल्ली।** शनिवार को उत्तर प्रदेश में धार्मिक भेदभाव के आधार पर एक क्लास टीचर द्वारा अन्य बच्चों से एक छात्र की पिटाई कराने की घटना की राहुल गांधी ने निंदा की है। कांग्रेस नेता ने कहा, मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का जहर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाजार बनाना, एक शिक्षक देश के लिए इससे बुरा कुछ नहीं कर सकता है। यह भाजपा का फैलाया हुआ वही केरोसिन है जिसने भारत के कोने–कोने में आग लगा रखी है। मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में एक प्राइवेट स्कूल है। स्कूल का एक वीडियो वायरल हो रहा है। स्कूल में क्लास टीचर धार्मिक भेदभाव के आधार एक छात्र को अपने टेबल के पास खड़ा करके दूसरे छात्रों से पिटवा रही हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया और कहा कि 'बच्चे भारत का भविष्य हैं। उनको नफरत नहीं, हम सबको मिल कर मोहब्बत सिखानी है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में अपने एक बयान में ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर


अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
मोतियाबिंद ऑपरेशन
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com


प्रशंसा — चंद्रयान-3 मिशन पर प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट नाम मिला

**बेंगलुरु, ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां घोषणा की कि चंद्रयान–3 मिशन के लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट' के नाम से जाना जाएगा। इसरो आए पीएम ने कहा कि चंद्रयान–2 की लैंडिंग वाले स्थान को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा, जबकि चंद्रमा पर विक्रम लैंडर के उतरने का दिन (23 अगस्त) देश में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इसरो कमांड सेंटर में वैज्ञानिकों की सभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं।

पीम ने कहा, भारत ने उस टचडाउन प्वाइंट का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का फैसला किया है, जहां विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। चंद्रमा का शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय से कन्याकुमारी तक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि शिव शक्ति प्वाइंट भावी पीढ़ियों को मानवता के



कल्याण के लिए विज्ञान के उपयोग की दिशा में प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रमा पर वह प्वाइंट जहां चंद्रयान मिशन–2 ने निशान छोड़े हैं उसे 'तिरंगा' कहा जाएगा।

**प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों की पीठ थपथपाई–** शनिवार सुबह इसरो पहुंचने पर प्रधानमंत्री का इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के निदेशक बी.एन. रामकृष्ण और यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर के निदेशक एस. शंकरन ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने तीनों वैज्ञानिकों को गले लगाकर स्वागत किया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, उन्होंने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

**शिवशक्ति पॉइंट के चारों ओर घूम रहा रोवर –** अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने शनिवार को एक और नया वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रज्ञान दक्षिण ध्रुव पर रहस्यों की खोज में शिव शक्ति बिंदु के चारों और घूमता हुआ नजर आ रहा है। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर दोनों ही सौर उर्जा से संचालित हैं। इन्हें चांद की रोशनी वाली जगह पर ठीक से पहुंचाया गया है।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-प्रदेश

उवाच

## नफरती राजनीति, देश को यहां ले आईः अखिलेश

**नई दिल्ली।** इस मामले में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को मुजफ्फरनगर जिले की उस शिक्षिका को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की, जिसने अपने छात्रों को अल्पसंख्यक समुदाय के एक छात्र को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के लिए कहा था। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कथित वीडियो को सपा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए यह मांग उठाई, जिसे पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पुनः पोस्ट किया। 'एक्स' पर सपा ने भाजपा और आरएसएस निशाना साधते हुए कहा, भाजपा और आरएसएस की नफरती राजनीति, देश को यहां ले आई!



मुख्यमंत्री और सूचना प्रसारण मंत्री ने मन की बात पर आधारित पुस्तकों का किया विमोचन

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' जन की बात है : शिवराज





**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सवा सौ करोड़ भारतवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का क्रांतिकारी नवाचार मन की बात आज देश के जन-जन की बात बन चुकी है। श्री मोदी अपनी सोच, अपने विचार और विजन को बहुत सहजता से समझा देते हैं। किसान हो या इंजीनियर, वैज्ञानिक हो या लेखक, छात्र हो या शिक्षक, आमजन हो या राजनेता, श्रोताओं का कोई भी समूह उनके साथ ऐसे जुड़ जाता है, मानो वे उन्हीं में से एक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात से लोगों की चिंताओं और आकांक्षाओं से सीधे जुड़ते हैं। श्री चौहान प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात पर आधारित 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' पुस्तक के भाग 2 और भाग 3 के विमोचन कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान और केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इन पुस्तकों का विमोचन किया।

श्री चौहान ने युवाओं से अपील की है कि वे इन किताबों को अवश्य पढ़ें। यह अमूल्य खजाना है, इसमें मोती मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात', जन-जन की बात है। 'मन की बात' सामाजिक मुद्दों के लिए एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' एक अद्भुत पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को विजनरी प्राइम मिनिस्टर के रूप में निरूपित करते हुए उनके साथ के संस्मरणों का जिक्र किया। जिसमें देश के नव निर्माण के लिए प्रधानमंत्री की कल्पना परिलक्षित होती है। श्री चौहान ने कहा कि सीधा संवाद, समावेशिता और भागीदारी, एकता और राष्ट्रीय पहचान, प्रेरणा और उत्साहवर्धन, सरकारी नीतियों तथा योजनाओं के बारे में जागरुकता, पारदर्शिता और जवाबदेही, डिजिटल पहुंच का विस्तार मन की बात के प्रमुख आयाम हैं। इसके माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक सामाजिक मुद्दों पर देश के जन-जन से चर्चा की गई है। मन की बात देश के विभिन्न क्षेत्रों की परम्पराओं, त्यौहारों और प्रथाओं पर प्रकाश डालकर भारत की समृद्ध विरासत को भी प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पुस्तक के अध्ययन के लिए प्रेरित किया तथा पुस्तकों के विमोचन के लिए भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश को चुनने के लिए आभार माना। इस मौके पर खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग तथा अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भारत का युवा अब रोजगार देने वाला बना : ठाकुर

विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी भाषण प्रेरक रहे हैं। उनके हर भाषण में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनमें से पुस्तक की रचना के लिए भाषणों का चुनाव करना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों के एक खंड में 86 प्रेरक और दूसरे खंड में 80 प्रेरणादायी भाषणों का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों में से महत्वपूर्ण विषयों पर उनके संबोधनों का संकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें स्टार्टअप इंडिया, सुशासन, नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति, आत्मनिर्भर भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री के संबोधनों को समाहित किया गया है। श्री ठाकुर ने युवाओं और शोधकर्ताओं से इन पुस्तकों को अवश्य पढ़ने की अपील की है, इनमें बहुत कुछ जानने और सीखने के लिए मिलता है। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के साउथ पोल पर भारत के विक्रम लैंडर का उतरना एक बड़ी उपलब्धि है और दुनिया में पहली बार ऐसा हुआ है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत का युवा अब रोजगार देने वाला (जॉब गिवर) बन गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत ने दुनिया की तुलना में सर्वाधिक एक लाख से अधिक स्टार्टअप्स भारत में हैं। उन्होंने यूपीआई और भीम ऐप जैसे ऐप का जिक्र करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान की दुनिया में अब सर्वाधिक लेन-देन 46 प्रतिशत भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में 45 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं और डीबीटी सिस्टम से हितग्राहियों को राशि सीधे पहुंचती है।

श्री ठाकुर ने कहा कि दुनिया में सबसे सस्ता डेटा अब भारत में मिलने के साथ ही भारत ने अपनी 5जी तकनीक बना ली है और भविष्य में 6जी तकनीक बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि बीमारू राज्य की बजाय नई सरकार के आने के बाद से मध्यप्रदेश सबसे आगे के राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं और केवल मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई का पाठ्यक्रम हिंदी में तैयार किया गया है। श्री ठाकुर ने सीखो कमाओ योजना एक अनूठी योजना बताया।

## मल्टीमीडिया प्रदर्शन का किया उद्घाटन



शुभारंभ से पूर्व परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा '9 सालः सेवा सुशासन और गरीब कल्याण' के साथ ही 'नया भारतः सशक्त भारत' विषय पर आयोजित मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल एवं युवा मामले के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रकाशन विभाग द्वारा एक स्टॉल का आयोजन किया गया है जिसमें विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकें अवलोकन और बिक्री के लिए उपलब्ध कराई गई।

मुख्यमंत्री ने मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच का किया अनावरण, कहा

# मेट्रो को भोपाल से मंडीदीप, फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेट्रो ट्रेन केवल भोपाल शहर तक सीमित नहीं रहेगी। इसे भोपाल से मंडीदीप और फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा। मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन इन्दौर और भोपाल में सितम्बर माह में आरंभ हो जाएगा और अप्रैल-मई तक ट्रेन चलने लगेगी। अब भोपाल और इन्दौर मेट्रो रेल सिटी होंगे। मेट्रो ट्रेन से लोगों के आवागमन का समय बचेगा और सफर भी आरामदायक रहेगा। श्री चौहान श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच के अनावरण समारोह में बोल रहे थे।

हमारी पिछली सरकार ने भोपाल और इन्दौर को मेट्रो सिटी बनाने का निर्णय लेकर इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया था, लेकिन दूसरी सरकार आने के कारण पंद्रह महीने काम बंद रहा। कोरोना की कठिन परिस्थितियों के बाद भी हमारी सरकार ने भोपाल और इन्दौर में मेट्रो रेल के लिए तेजी से कार्य किया। नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भोपाल और इन्दौर में आज हम मेट्रो ट्रेन के संचालन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश नगरीय विकास के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022 में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर प्रदेश की 5 स्मार्ट सिटी को विभिन्न श्रेणी में 13 अवार्ड मिले हैं। प्रदेश को बेस्ट स्टेट का अवार्ड मिला है और इन्दौर नेशनल स्मार्ट सिटी अवार्ड में प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पौध-रोपण भी किया। कार्यक्रम में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, प्रमुख सचिव नगरीय विकास नीरज मंडलोई, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन मनीष सिंह जन-प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ल्लेखनीय कि स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन कोच का वास्तविक मॉडल प्रदर्शित किया गया है। अनावरण के बाद मॉडल कोच को बच्चों एवं आमजन के अवलोकन के लिए खोला जाएगा। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के 3 कोच से मिल कर बनती है।

मंत्रिमंडल विस्तार पर बोले कमलनाथ

## विसर्जन के वक्त किया विस्तार



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शिवराज सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा है कि विसर्जन के वक्त यह विस्तार किया गया। उन्होंने एक बयान में कहा कि दीपक बुझने वाला हो तो उसकी लौ अधिक तेज हो जाती है और वह फड़फड़ाने लगती है। भाजपाई सत्ता का स्वरूप भी कुछ वैसा ही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी अपनी हार सामने देख बेमन से आजकल अपरिपक्व निर्णय ले रहे हैं। शायद यही वजह है कि जिस गुटीय राजनीति की वजह से शिवराज जी जिन्हे पसंद नहीं करते थे, उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करना पड़ रहा है। श्री कमलनाथ ने कहा कि बग़ैर पूर्व तैयारी के मुख्यमंत्री जी घोषणाएं किए जा रहे हैं। न नए जिलों के अधोसंरचना विकास का कोई खाका खींचा, न प्रशासनिक सरंचना का। हम सरकार बनाते ही नए जिलों को नियोजित रूप से आकार देंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने नवागत मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

## मंत्रिमंडल में दक्षता, कुशलता और संतुलन समाहित



भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंत्रिपरिषद के विस्तार में सम्मिलित किए गए गौरीशंकर बिसेन तथा राजेन्द्र शुक्ल को कैबिनेट मंत्री एवं राहुल लोधी को राज्य मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी कार्यकाल की कामना की है। श्री शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार में दक्षता, कुशलता और संतुलन समाहित है। मुझे आशा है कि मंत्रिमंडल के नए सदस्य मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व की भाजपा सरकार की नीतियों के अनुरूप प्रदेश के चहुंमुखी विकास के पहिए को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश को आज तीन और कुशल एवं परिपक्व मंत्री मिले हैं, हम और तेजी से मध्यप्रदेश को विकास के मार्ग पर ले जाने तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सुराज को पहुंचाने का काम करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि जन आकांक्षाओं को प्रामाणिकता के साथ पूर्ण करने में भी सफल होंगे।

झाबुआ में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री

# भाजपा करती है आदिवासियों की चिंता





**झाबुआ, देशबन्धु।** उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को बूथ-बूथ, घर-घर जाकर यह बताना है कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें ही गरीबों, आदिवासियों की चिंता करती है। इसलिए आने वाले चुनावों में वे उस भाजपा का साथ दें, जो उनका साथ देती है।

यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने झाबुआ के उत्कृष्ट विद्यालय प्रागंण में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 2005-06 में मुख्यमंत्री बनने के बाद जब मैं झाबुआ आया था, तो यहां सड़कें नहीं थी, बिजली नहीं आती थी, पानी नहीं था। गांवों में स्कूल, छात्रावास और आश्रम शालाएं नहीं थीं। बच्चों को पढ़ने के लिए मीलों पैदल जाना पड़ता था। मैंने संकल्प लिया कि बच्चों को पैदल स्कूल नहीं जाने दूंगा और हमने भांजे-भांजियों को साइकिलें दी। यहां सीएम राइज स्कूल भी खोला जा रहा है, जिसमें अच्छे प्राइवेट स्कूलों की तरह लायब्रेरी, लैब, खेल मैदान और सभी सुविधाएं होंगी। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि हर गरीब के पास रहने के लिए जमीन होगी। हम जमीन का पट्टा देंगे और प्रधानमंत्री पक्का मकान दे रहे हैं। जो लोग उस योजना में छूट गए हैं, उन्हें भी सर्वे कराकर हम मुख्यमंत्री जन आवास योजना में मकान देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जब परिवार का कोई व्यक्ति बीमार होता था, तो उसके इलाज के लिए लोग कर्ज लेकर साहूकारों के जाल में फंस जाते थे और जमीन से लेकर जेवर तक गिरवी रखना पड़ता था। प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना लागू करके हर गरीब के लिए 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री श्रीमती संगीता सोनी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भांबर, सांसद गुमान सिंह डामोर, प्रवासी विधायक चेतन्य देसाई, जिला प्रभारी हरिनारायण यादव, श्रीमती निर्मला भूरिया, शांतिलाल बिलवाल, पार्टी प्रत्याशी भानू भूरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश दुबे, मनोहर सेठिया, ओमप्रकाश शर्मा, दौलत भावसार, कृष्ण पाल जंगाखेडी, गौरव खण्डेलवाल सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बंगाल के जलपाईगुड़ी में बाढ़ जैसे हालात

**कोलकाता, एजेंसी।** उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में मूसलाधार बारिश के बाद तीस्ता और कराला नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शहर में घरों और अन्य जगहों में पानी भर गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 25 के अंतर्गत पारस मित्रा कॉलोनी के निचले इलाके हैं, जहां कई लोग विस्थापित हो गए हैं क्योंकि उनके घरों में नदी का पानी भर गया है। जलपाईगुड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष स्वरूप मंडल के नेतृत्व में एक बचाव दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है और प्रभावित लोगों को सूखे इलाकों में ले जाया है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान भारी और लगातार बारिश के कारण दोनों नदियों में जल स्तर बढ़ गया है। वार्ड नंबर 25 की पार्षद पौषाली दास ने पुष्टि की, कि करीब 350 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को बाढ़ आश्रय स्थलों या अन्य क्षेत्रों में दोस्तों या रिश्तेदारों के घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा कई मवेशी भी प्रभावित हुए हैं। हम यथासंभव अस्थायी आश्रय और भोजन प्रदान करके उन्हें बचाने और उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, नदी का पानी बढ़ने से वार्ड नंबर 1 और 3 के कुछ हिस्सों में भी बाढ़ आ गई है। प्रशासनिक बिल्डिंग और जलपाईगुड़ी जिला अस्पताल के सामने के इलाकों में भी भारी जलजमाव देखा जा रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों को भारी परेशानी हो रही है।

## बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के पर कतरे

**पटना।** बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के रूप में काम कर रहे लोगों को सलाह दी है कि वे विभागों के कामकाज से संवाद करने से बचे तथा कहा गया है कि स्वयं को मंत्री के गैर-सरकारी कार्यों तक ही सीमित रखें।

बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने सभी विभागों के मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और सचिव को पत्र भेजकर यह कहा है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) एवं आप्त सचिव (वाह्य) के कार्यों के आवंटन से संबंधित स्पष्ट आदेश निर्गत नहीं हैं, जिससे इनके कर्तव्यों के निर्धारण से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पत्र में कहा गया है कि सरकारी आप्त सचिव प्रशासनिक सेवाओं के पदाधिकारी होते हैं। उन्हें सरकारी नियमों, प्रक्रियाओं आदि की विस्तृत जानकारी एवं कार्यानुभव होता है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) के द्वारा सरकारी संचिकाओं से संबंधी कार्य, मंत्री के आदेशानुसार सरकार के पदाधिकारियों से पत्राचार संबंधी कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गये अन्य सरकारी कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आप्त सचिव (वाह्य) का पूर्वानुभव एवं ज्ञान सरकारी आप्त सचिव से भिन्न होने के कारण वे मंत्री के यात्रा, भ्रमण कार्यक्रम से संबंधित कार्य, गैर-सरकारी एवं सामान्य जन से साक्षात्कार के समय निर्धारण सहित अन्य कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गए अन्य गैर-सरकारी कार्य करेंगे। पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि आप्त सचिव (वाह्य) किसी विभागीय अधिकारी के साथ विभागीय कार्य से संबंधित अपने स्तर पर मौखिक विमर्श, समीक्षा, दिशा निर्देश अथवा लिखित पत्राचार नहीं करेंगे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि. 26/08/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौतम कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री मोतीचंद्र गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई बार्ड के भवन क्रमांक ख.नं. 225/1 पर स्थित प्लाट नं. 77 राजुल सिटी मौजा कजरवारा पिन क्रमांक 1000386662 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 2207 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल ... व.फु. प्रथम तल ... व.फु. द्वितीय तल... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुनीता राय पति श्री रामजी राय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY No 2699984M HAV NARENDRA SINGH UNIT - THE GRENADIERS RECORDS निवासी VILLAGE-KHERAT, POST- AHRAULI, TEH - ATER, DISTT- BHIND, STATE- (M.P) शपथपुर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरीमाताजी का नाम SAWITRI DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SAVITRI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SAVITRI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम - SAWITRI DEVI
सही नाम - SAVITRI

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम DEEPALI NIGAM था जो कि अब बदलकर DEEPALI SHRIVASTAVA हो गया है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे अब मेरे इसी नाम DEEPALI SHRIVASTAVA के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- दीपाली निगम
DEEPALI NIGAM
नया नाम- दीपाली श्रीवास्तव
DEEPALI SHRIVASTAVA

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RAJIV JAGDISH CHHABRA था जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज है परंतु अब मेरा नाम बदलकर RAJIV CHHABRA हो गया है जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है अतः अब मुझे मेरे नये नाम RAJIV CHHABRA के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- RAJIV JAGDISH CHHABRA
नया नाम- RAJIV CHHABRA

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RAHMAN UR INAM था जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज है परंतु अब मेरा नाम बदलकर INAM UR RAHMAN हो गया है मेरे सभी दस्तावेजों मेरा नाम नाम INAM UR RAHMAN दर्ज है अतः अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- RAHMAN UR INAM
नया नाम- INAM UR RAHMAN

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1588/अ -6/2023-24

**//आम इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महाराजपुर प.ह.नं. 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश जैन पिता स्व. इन्द्रस्वरूप जैन निवासी 2202 भारत कालोनी एल.आई.सी. के सामने के द्वारा ग्राम महाराजपुर बंदोबस्त नम्बर 661 प.ह.नं. 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 62/11/2 में से रकवा 1600 वर्गफुट पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक**- 24/08/2023
**पेशी दिनांक**- 11/09/2023

र.नं. 1057 **तहसीलदार गोरखपुर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1006/अ -6/2023-24

**//आम इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बदनपुर प.ह.नं. 07 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेम कुमार ढीगरा पिता भगवानदास ढीगरा निवासी शक्ति नगर सांई पेलेस के पास के द्वारा ग्राम बदनपुर बंदोबस्त नम्बर 48 प.ह.नं. 07 में स्थित भूमि खसरा नंबर 199/2/1/1/1/1/1/1/1/12 में से रकवा 1500 वर्गफुट पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक**- 24/08/2023
**पेशी दिनांक**- 01/09/2023

**तहसीलदार गोरखपुर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर**

र.नं. 1058

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1589/अ -6/2023-24

**//आम इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महाराजपुर प.ह.नं. 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक जैन व अन्य पिता स्व. हुकुमचंद्र जैन निवासी 55 वार्ड 2002/ए मदन महल वार्ड के द्वारा ग्राम महाराजपुर बंदोबस्त नम्बर 661 प.ह.नं. 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 62/11/2 में से रकवा 652.5 अवि. 326.25 वर्गफुट/हेक्टेयर पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक**- 24/08/2023
**पेशी दिनांक**- 11/09/2023

र.नं. 1059 **तहसीलदार गोरखपुर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY No 2694147W, RANK-HAV NAME-DHARMENDER SINGH UNIT-4 GRENADIERS निवासी VILLAGE-SIANA, POST- SIANA, TEH - KANINA DISTT- MAHINDER GARH, STATE- (HARYANA) PIN-123027 शपथपुर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरीमाताजी का नाम SHAKUNTALA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SHAKUNTLA है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SHAKUNTLA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम - SHAKUNTALA DEVI
सही नाम - SHAKUNTLA

**मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग**

76, अरेरा हिल्स, भोपाल
(दूरभाष एवं फैक्स 0755-2553722)

सूचना-पत्र क्रमांक 3852
दिनांक - 17/08/2023
अपील क्रमांक-एफए/18/427

अंकुर भल्ला.......... अपीलार्थी
विरूद्ध
नरपत सिंह सोलंकी व अन्य...प्रतिअपिलार्थी

प्रति,
1. नरपत सिंह सोलंकी, आत्मज रामचंद्र सोलंकी 729/3, श्याम नगर गढ़ा, जिला जबलपुर (म.प्र.) 482001
2. बबर आत्मज दिलशाद
3. नवाब आत्मज दिलशाद दोनो निवासी - एन.एन.जे. 070315, एकता चौक, शुक्ला नगर, मदन महल रेल्वे स्टेशन के पास जिला जबलपुर (म.प्र.) 482001

उपरोक्त अपीलार्थी अंकुर भल्ला ने जिला उपभोक्ता आयोग जबलपुर के प्रकरण क्रमांक 292/2016 में पारित आदेश दिनांक 12/09/2016 के विरूद्ध इस आयोग के समक्ष एक अपील धारा 41 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत प्रस्तुत की है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06/11/2023 को 10.30 बजे इस आयोग के समक्ष उपस्थित रहे।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को उपस्थित नही रहते है तो प्रकरण में सुनवाई/एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह प्रकरण ग्राहयता पर सुनवाई/स्थान पर /आवेदन/स्थान की पुष्टीकरण/अंतिम तर्क/सुनवाई के लिये नियत है।

(श्रीमती अलका श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार
म.प्र. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल

साक्षात्कार

# कला किसी की बपौती नहीं है

## छायाकार राजकिशन नैन से अशोक बैरागी की बातचीत

**एक जमाने में 'धर्मयुग', 'सारिका', 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'कादम्बिनी', 'रविवार' और 'मनोरमा' जैसी सुविख्यात पत्रिकाओं में राजकिशन नैन के सचित्र लेख और फोटो फीचर वर्षों तक निरंतर प्रकाशित हुए हैं। गाँव की भाषा, संस्कृति, रहन-सहन और कृषि संस्कृति की जड़े इनके भीतर में बहुत गहरे तक समाई हुई हैं। गाँव की नैसर्गिक संपदा से ओतप्रोत इनके अधिकांश चित्र लोग-बाग, पशु-पखेरू, बाग-बगीचों, खेत-खलिहान और पर्व-त्यौहार से जुड़े हैं। इनके खूबसूरत चित्र देखकर हर कोई आह्लाद से भर उठता है। प्रस्तुत है, उनकी फोटोग्राफी कला पर हुई बातचीत के संपादित अंश।**

■ अशोक बैरागी

■ **अशोक बैरागी- गाँव-देहात और उसकी संस्कृति से जुड़े अनगिनत चित्र आपने खींचे हैं। एक सुन्दर चित्र को आप कैसे परिभाषित करेंगे?**

**राजकिशन नैन** - प्रकृति की गोद में बसे गँवई-गाँव के मनभावन सौंदर्य में जो अपूर्व कशिश है, उसे लाख चाहकर भी कैमरे की परिधि में नहीं लाया जा सकता। गँवई चित्रों में जो अनुपम लयात्मकता है, उसे शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता। पर चूँकि बचपन से ही गाँव मेरे उपास्य रहे हैं, इसलिए मेरे चित्र वहीं की आँचलिक गरिमा को दर्शाते हैं। सुंदर चित्र को हमारे जीवन की तरह विराट और जीवंत होना चाहिए।

■ **अशोक बैरागी - आप गाँव से होकर भी कला के इस मुकाम तक कैसे पहुँचे?**

**राजकिशन नैन** - कला किसी की बपौती नहीं है। अपनी मेहनत और अभ्यास के बूते पर गाँव या शहर का कोई भी व्यक्ति कला के काम में पारंगत हो सकता है। छायांकन कला के प्रति गहन अभिरुचि, घुमक्कड़ी का चाव और देहाती दुनिया का अद्भुत, अनखुला और अनचीह्ना आकर्षण मुझे यहाँ तक खींच लाया है।

■ **अशोक बैरागी - गाँव में शुरू-शुरू में आपने किन विषय के चित्रों पर हाथ आजमाया?**

**नैन साहब** - जहाँ तक मुझे याद पड़ता है कि अपना पहला चित्र मैंने गाँव की एक पनिहारी का खींचा था, जो हमारे गाँव के बूढ़े कुएँ के पारछे में खड़ी हुई डोल से पानी खींच रही थी। तदुपरांत मैंने एक ग्वाले का चित्र खींचा था, जो गाय का दूध दुहने के बाद बछड़े को उसकी माँ के थन चुँघा रहा था। उन्हीं दिनों मैंने हमारे गाँव के रौळी सरोवर में भैंस की पूँछ पकड़कर तैरते हुए कुछ बच्चों के चित्र भी खींचे थे।

■ **अशोक बैरागी - आपने जीवन में पहली बार कैमरा कब पकड़ा? वह कौन-सा कैमरा था?**

**नैन साहब** - सन् 1971 के जून माह में मैंने कैमरा पकड़ा। तब मैंने शिमला स्थित तारादेवी नामक जगह को बेस बनाकर पहाड़ी परिवेश के चित्र खींचे थे। कैमरा क्लिकथर्ड था

■ **अशोक बैरागी - सुंदर चित्र खींचने के लिए किस तरह के कौशल की जरूरत पड़ती है?**

**नैन साहब** - सच बात तो यह है कि अच्छे चित्र के लिए प्रकाश और छाया के अंतर को समझने और उनके अनुरूप खास अवसरों को पकड़ने का सतत अभ्यास करना पड़ता है। विद्या और हुनर की तरह फोटोकारी की कला भी संयोग, लगन और धैर्य से हमारे जेहन में आती है। जबकि जल्दबाजी से बना बनाया काम बिगड़ता है।

■ **अशोक बैरागी - आपने छायांकन के लिए गाँव को ही क्यों चुना? जबकि चित्रों से जुड़ी बहुत सारी बढ़िया चीजें तो नगरों और शहरों में भी खूब मिलती हैं?**

**नैन साहब** - मैं बड़भागी हूँ कि मेरे जैसे गँवई व्यक्ति को सर्वोच्च सत्ता ने देहाती दुनिया की फोटोग्राफी के लिए चुना। जहाँ तक तुम्हारे सवाल की बात है, आँखें खोलने के बाद मैं गाँव की बेपनाह खूबसूरती, पुरखों के पारंपरिक और श्रमसिक्त संस्कारों की वजह से जिंदा हूँ। ग्रामधरा की सोहन संस्कृति के सुंदर चित्र उतारने की लालसा मुझमें बचपन से ही है। गाँव को बिसारकर मैं एक क्षण के लिए भी जीवित नहीं रह सकता।

■ **अशोक बैरागी - आपका खींचा हुआ पहला फोटो किस पत्रिका में छपा था और वह किसका चित्र था?**

**नैन साहब** - मेरा पहला फोटो दो वृद्धों का चित्र था, जो 'जूम फोटो% नामक अंग्रेजी पत्रिका में 15 जून, सन् 1981 में छपा था। इस पत्रिका का संपादन अपने जमाने की मशहूर शख्सियत सादिया देहलवी करती थी।

■ **अशोक बैरागी - आजकल डिजिटल और मिरर लैस कैमरों का बोलबाला है। बाजार में उनके आने से फोटोग्राफी की विधा में क्या बदलाव आए हैं?**

**नैन साहब** - डिजिटल कैमरों के आने से तकनीक के बदलाव में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। वक्त के साथ कैमरे बदलते रहे हैं। सबसे पहले इंग्लैंड से कैमरे आए। इसके बाद कैमरे जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका से आयातित होने लगे। इस तरह एक के बाद एक बदलाव होते रहे। नयी तकनीक और नए कैमरे फोटोग्राफी की विधा के लिए बेहद अनुकूल और उपयोगी हैं। इस विधि से फोटो का जटिल काम बहुत सहज और सुगम हो गया है। इस विज्ञान के आने से एक सेकंड के हजारवें हिस्से में फोटों खींचकर दुनिया के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचायी जा सकती है। हमारे रोजमर्रा के कार्यों में इस प्रविधि का जो प्रसार हुआ है, वह स्वागत योग्य है।

■ **अशोक बैरागी - आपने तस्वीरें खींचते समय किस तरह के जोखिम उठाए हैं?**

**नैन साहब** - देखिए, सुंदर चित्रों के लालच में मुझे कई बार मौत तक के जोखिम उठाने पड़े हैं। फोटोग्राफी मेरी अस्मिता और मेरे अस्तित्व की सबसे बड़ी पूँजी है। सुंदर चित्रों की चाह में मुझे कदम-कदम पर विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ता है।

डीग (भरतपुर) राजस्थान के किले की फोटोग्राफी करते हुए मैं साठ फुट गहरे कुएँ में जा गिरा था। एक बार फूलों की घाटी की ओर जाते हुए एक ग्लेशियर से फिसलकर मैं अलकनंदा नदी में डूबते-डूबते बचा था। सांपों, बिच्छुओं, कानखजूरों, कछुओं, मधुमक्खियों, भिरड़ों और तत्तियों आदि से भी मेरा सामना होता रहता है। बाहरी प्रदेशों में काम करते समय कई ऐसे डरावने हादसों से गुजरना पड़ा है, जिन्हें याद करके आज भी शरीर में सिहरन दौड़ जाती है। मेरी दिली इच्छा है कि इस संसार से जाते समय मेरे हाथ में कैमरा हो तथा घर से दूर कहीं चित्र खींचते हुए मौत एकाएक मुझे अपने आगोश में ले ले।

■ **अशोक बैरागी - कला का काम करने की एवज में जो सम्मान-पुरस्कार वगैरह मिलते हैं, उनके बारे में आपकी क्या राय है?**

**नैन साहब** - किसी भी सम्मान की बनिस्पत मेरे काम की अहमियत ज्यादा है। पुरस्कारों की अपनी राजनीति है। मूल्यहीन राजनीति के इस दौर में सच्चे कलाकार को अपने काम की एवज में सम्मान की इच्छा रखना बेमानी है। कलाकारों से सम्मान के लिए फार्म भरवाने जैसी कागजी औपचारिकताएँ पूरी करवाना उनका और उनकी कला का गला घोटने के समान है। मेरा मानना है कि कला से जुड़े खास लोगों के काम को भावी पीढ़ियों के लिए संग्रहित, संरक्षित और प्रदर्शित करके भी उनका कद बढ़ाया जा सकता है।

■ **अशोक बैरागी - आजकल अखबारों और पत्रिकाओं में कलात्मक चित्रों के लिए कितनी गुंजाइश है?**

**नैन साहब** - पहले तमाम अखबारों में चित्रों के लिए भरपूर जगह रहती थी लेकिन अब अखबारों में वैसे चित्र नहीं छपते। चित्रों को अधिकाधिक स्थान देने वाली तमाम पत्रिकाएँ कभी की बंद हो गई। मोबाइल में कैमरे आने के बाद कला छायांकन का काम संकट में पड़ गया है। मोबाइल फोटोग्राफी के अनियंत्रित विस्तार ने उत्कृष्ट एवं कलात्मक छायांकन को एक बारगी ही हाशिये पर धकेल दिया है। अब कला मिशन न होकर व्यवसाय बन गई है किंतु मेरी दृष्टि में कला व्यवसाय की वस्तु नहीं है। दरअसल यह हमारी सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आत्मिक सुख के लिए है।

एकांकी

## पनीर लेते आना

■ डॉ. रीना सिंह

पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, हां बोलो।
पति- कहां हो ?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं। बोलो क्यों फोन किया?
पति- श्यामनाथ फूफा का फोन आया था।
पत्नि- कौन श्यामनाथ फूफा?
पति- वहीं जिनका बेटा अमेरिका में इंजीनियर है।
पत्नि- हां तो क्या बोले?
पति- बोले किसी काम से मुंबई आ रहे हैं। हमारे यहां तीन-चार दिन रुकेंगे।
पत्नि- क्या? हेलो, हेलो, हेलो..
पति- हेलो, हां आवाज नहीं आ रही क्या?
पत्नि- हेलो, हेलो, हेलो..
पति- मुझे आ रही है तुम्हारी आवाज। फूफा आ रहे हैं सुनाई दिया। उनका खाना बना देना।
पत्नि- हेलो, हेलो।( फोन कट )
पति- अरे कट हो गया! फिर लगाता हूं।
पति- हेलो, हेलो, हेलो
पत्नि- हेलो, हेलो।( फोन कट )
(शाम को सात बजे पति फूफा के साथ लिफ्ट में आते हुए)
पति- ट्रेन लेट हो गई थी?
फूफा- हां एक स्टेशन पर डेढ़ घंटा रुक गई।
पति- कोई बात नहीं। आप आराम से यहां रुकिए। अच्छा लगता है। नहीं तो कितने सालों तक मुलाकात ही नहीं होती।
फूफा- हां आजकल सभी की व्यस्तताएं बढ़ गई हैं।
(पति दरवाजे की घंटी बजाता है। 16 वर्षीय लड़का सोहम दरवाजा खोलता है।)
पति- फूफा जी के पैर छुओ।
सोहम- प्रणाम फूफा जी।
फूफा- खुश रहो।
पति- मां कहां है?
सोहम- उनकी तबीयत ठीक नहीं है। सोई हैं।
पति- फूफा जी आप बैठिए मैं देखता हूं।
फूफा- बेटा रहने दो, बहू को आराम करने दो।
(पति बेडरूम से वापस लौटता है।)
पति- सोहम बाजार से खाना मंगा देना, पर्स में पैसे हैं ले लेना।
सोहम- जी पापा।
(दूसरे दिन सुबह आठ बजे)
फूफा- बेटा मैं निकलता हूं। आज ही अचानक से बुला लिया है मैनेजर ने। उनसे मिलकर आ जाऊंगा।
पति- ठीक है फूफा, मैं इंतजार करूंगा, प्रणाम।
( श्यामनाथ लौटकर नहीं आते। दो हफ्ते बादज्.)
पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, बोलो।
पति- कहां हो?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं ।
पति- तुम्हारे दिल्ली वाले भैया का फोन आया था, आज शाम को आ रहे हैं।
पत्नि- सच! सुनो थोड़ा जल्दी आ जाना और आते समय एक किलो काजू कतरी और आधा किलो पनीर लेते आना।

ग़ज़ल

## मैं ख्याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है

■ सलीम कौसर

मैं ख़याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है
सर-ए-आईना मिरा अक्स है पस-ए-आईना कोई और है
मैं किसी के दस्त-ए-तलब में हूँ तो किसी के हर्फ़-ए-दुआ में हूँ
मैं नसीब हूँ किसी और का मुझे माँगता कोई और है
अजब एतिबार ओ बे-एतिबारी के दरमियान है ज़िंदगी
मैं क़रीब हूँ किसी और के मुझे जानता कोई और है
मिरी रौशनी तिरे ख़द्द-ओ-ख़ाल से मुख़्तलिफ़ तो नहीं मगर
तू क़रीब आ तुझे देख लूँ तू वही है या कोई और है
तुझे दुश्मनों की ख़बर न थी मुझे दोस्तों का पता नहीं
तिरी दास्ताँ कोई और थी मिरा वाक़िआ कोई और है
वही मुंसिफ़ों की रिवायतें वही फ़ैसलों की इबारतें
मिरा जुर्म तो कोई और था प मिरी सज़ा कोई और है
कभी लौट आएँ तो पूछना नहीं देखना उन्हें ग़ौर से
जिन्हें रास्ते में ख़बर हुई कि ये रास्ता कोई और है
जो मिरी रियाज़त-ए-नीम-शब को 'सलीम' सुब्ह न मिल सकी
तो फिर इस के मअनी तो ये हुए कि यहाँ ख़ुदा कोई और है।



संदर्भ : अफ़साना निगार इस्मत चुग़ताई का जन्मदिवस

# एक आज़ाद ख्याल अफ़साना निगार

■ ज़ाहिद ख़ान

समूचे भारतीय उपमहाद्वीप में इस्मत चुग़ताई का नाम किसी तआरुफ़ का मोहताज नहीं। वे जितनी हिंदोस्तान में मशहूर हैं, उतनी ही पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी। उनके चाहने वाले यहां भी हैं और वहां भी। आज भी उर्दू और हिंदी दोनों ही ज़बानों में उनके पाए की कोई दूसरी कथाकार नहीं मिलती। इस्मत चुग़ताई ने उस दौर में स्त्री-पुरुष समानता और इन दोनों के बीच ग़ैर बराबरी पर बात की, जब इन सब बातों पर सोचना और लिखना भी मुश्किल था। अपने ही घर में मज़हब, मर्यादा, झूठी इज़्ज़त के नाम पर ग़ुलाम बना ली गई, औरत की आज़ादी पर उन्होंने सख़्ती से क़लम चलाई। उन्होंने उन मसलों पर भी क़लम चलाई, जिन्हें दीगर साहित्यकार छूने से भी डरते और कतराते थे। इस्मत चुग़ताई के लेखन में धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता का हमेशा ज़ोर रहा। अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता, साम्प्रदायिकता, सामंती प्रवृतियों, वर्गभेद और जातिभेद का उन्होंने ज़मकर विरोध किया।

इस्मत चुग़ताई का दौर, वह ज़माना था जब उर्दू अदब में सआदत हसन मंटो, कृश्न चंदर, राजिंदर सिंह बेदी, ख़्वाजा अहमद अब्बास जैसे चमकदार लेखक अपनी लेखनी से हंगामा बरपाए हुए थे। इन सबके बीच अपनी जगह बनाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन इस्मत चुग़ताई ने न सिर्फ़ इस चुनौती को स्वीकार किया, बल्कि अपनी एक अलग पहचान भी बनाई। उनकी सोच अपने समय से काफ़ी आगे थी। लिहाफ़' वह कहानी है, जिसने इस्मत चुग़ताई को एक साथ शोहरत दी, तो बदनामी भी। महिलाओं के बीच समलैंगिकता के बोल्ड मुद्दे पर लिखी गई यह हंगामेदार कहानी, उस दौर की मशहूर पत्रिका 'अदबे लतीफ़' में शाया हुई। उसी वक़्त इस्मत चुग़ताई का एक अफ़साने का मजमूआ आ रहा था, तो यह कहानी किताब में भी छप गई। परंपरावादी मुस्लिम समाज इस कहानी को पढ़कर भड़क उठा। कुछ आलोचकों और शुरफ़ा (शरीफ़ों) ने बरतानिया हुकूमत का तवज्जोह इस कहानी की तरफ़ कराया और सरकार से मांग की, ''कहानी नैतिकता के ख़िलाफ़ है, लिहाज़ा सरकार इस कहानी को ज़ब्त कर ले।'' बहरहाल, कहानी के ख़िलाफ़ अख़बारों—मैगज़ीनों में मज़मून निकले और अदबी और ग़ैर अदबी महफ़िलों में इस पर गर्मा—गर्म बहसें होतीं। इस अफ़साने की मुख़ालफ़त में पत्रिका के एडिटर और ख़ुद उनके पास इतने ख़त आए कि एक वक़्त, तो वे और उनके पति शाहिद लतीफ़ परेशान हो गए।



फ़हाशी (अश्लीलता) के इल्ज़ाम में मंटो और इस्मत चुग़ताई दोनों पर अदालत में मुक़दमे चले। यहां तक कि उन दोनों की गिरफ़्तारी भी हुई। लाहौर की अदालत में जब इनके मामले की सुनवाई होती थी, तो इन दोनों को देखने के लिए कॉलेजों के तालिब—ए-इल्म टोलियां बांध-बांधकर आते थे। बहरहाल यह मुक़दमा, अदालत में नहीं टिक सका। मंटो और इस्मत चुग़ताई इस मुक़दमे से बाइज़्ज़त बरी हो गए। कहानी 'लिहाफ़' के बारे में ख़ुद इस्मत चुग़ताई क्या सोचती थीं, पाठकों के लिए यह जानना भी बड़ा दिलचस्प होगा। जब इस कहानी के बारे में उर्दू के एक अदीब एम. असलम, जो कई किताबों के लेखक थे, से उनकी बहस हुई, तो चुग़ताई ने उन्हें यह कहकर लाजवाब कर दिया,''मुझे कभी किसी ने नहीं बताया कि 'लिहाफ़' वाले मौज़ू पर लिखना गुनाह है। न मैंने किसी किताब में पढ़ा कि इस मर्ज़ या लत के बारे में नहीं लिखना चाहिए। शायद मेरा दिमाग़ अब्दुर्रहमान चुगताई का ब्रश नहीं, एक सस्ता सा कैमरा है, जो कुछ देखता है, खट से बटन दब जाता है और मेरा क़लम मेरे हाथ में बेबस होता है। मेरा दिमाग़ उसे बरगला देता है। दिमाग़ और क़लम के क़िस्से में दख़लअंदाज़ नहीं हो पाती।'' (इस्मत चुग़ताई-किताब %काग़ज़ी है पैरहन%, पेज-32-33)

कहानी 'लिहाफ़' के बाद इस्मत चुग़ताई ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। पत्रिकाओं में उनकी कहानियों की मांग बढ़ने लगी। पाठक उनकी कहानियों का इंतज़ार करते। जब-जब भी उनकी कहानियों पर एतराज़ उठते, कहानियों की मांग और भी बढ़ जाती। 'लिहाफ़' के प्रकाशन के बाद उनके आलोचकों ने तो उन्हें फ़ुहश—निगार (अश्लील लेखक) का तमग़ा दे दिया। उनके बारे में यह बातें फैलाई जाती कि वे जिंसियात पर ही लिखतीं हैं। लेकिन इस्मत चुग़ताई ने इन आलोचना की बिल्कुल परवाह न की। उन्होंने वही लिखा, जो अपने समाज में देखा। सच को सच और ग़लत को ग़लत कहने की हिम्मत इस्मत चुगताई के अंदर थी। वे यर्थाथवादी थीं।

कहानी 'चौथी का जोड़ा' और 'मुग़ल बच्चा' उनकी बेमिसाल कहानियां हैं। इस्मत चुग़ताई, औरतों को हर तरह की आज़ादी के हक़ में थीं। औरतों पर समाजी, मज़हबी बंदिशों की उन्होंने हमेशा मुख़ालफ़त की। इस्मत चुगताई ने अपनी कहानियों में औरत की आर्थिक गुलामी और मजबूरी पर हमेशा क़लम चलाई। उनका सोचना था,''एक लड़की अगर अपने वारिसों का सिर्फ़ इसलिए हुक्म मानती है कि आर्थिक तौर पर मजबूर है, तो फ़रमांबरदार नहीं, धोखेबाज़ ज़रूर हो सकती है। एक बीवी शौहर से सिर्फ़ इसलिए चिपकी रहती है कि रोटी-कपड़े का सहारा है, तो वह तवायफ़ से कम मजबूर नहीं। ऐसी मजबूर औरत की कोख से मजबूर और महकूम-ज़ेहनियत इंसान ही जन्म ले सकेंगे। हमेशा दूसरी तरक़्क़ीयाफ़्ता क़ौमों के रहमो-करम पर इक्तिफ़ा करेंगे। जब तक हमारे मुल्क की औरत मजबूर, लाचार, ज़ुल्म सहती रहेगी, हम इक़्तिसादी और सियासी मैदान में एहसास—ए-कमतरी का शिकार बने रहेंगे।''(इस्मत चुग़ताई- किताब 'काग़ज़ी है पैरहन',पेज-15)

इस्मत चुग़ताई को वतन की गंगा-जमुनी तहज़ीब से बेहद प्यार था। वतन की सांझा संस्कृति में वे अपनी भी हिस्सेदारी की बात करती थीं, ''मैं मुसलमान हूं, बुत—परस्ती शिर्क है। मगर देवमाला मेरे वतन का विरसा है। इसमें सदियों का कल्चर और फ़लसफ़ा समोया हुआ है। ईमान अलाहदा है, वतन की तहज़ीब अलाहदा है। इसमें मेरा बराबर का हिस्सा है। जैसे उसकी मिट्टी, धूप और पानी में मेरा हिस्सा है। मैं होली पर रंग खेलूं, दीवाली पर दिये जलाऊं, तो क्या मेरा ईमान मुतज़लज़ल हो जाएगा। मेरा यक़ीन और शऊर क्या इतना बोदा है, इतना अधूरा है कि रेज़ा-रेज़ा हो जाएगा।'' (इस्मत चुग़ताई-किताब 'काग़ज़ी है पैरहन',पेज-22)

इस्मत चुग़ताई ने 24 अक्टूबर, 1991 को इस दुनिया से विदाई ली। जाते-जाते भी वे दुनिया के सामने एक मिसाल छोड़ गईं। उनकी वसीयत के मुताबिक़ मुंबई के चंदनबाड़ी शमशान गृह में उन्हें अग्नि को समर्पित किया गया। एक मुस्लिम औरत का मरने के बाद, दफ़नाए जाने की बजाय हिंदू रीति रिवाजों से दाह संस्कार, सचमुच उनका एक आश्चर्यजनक और साहसिक फ़ैसला था। इस्मत चुग़ताई के इस फ़ैसले से उनके कुछ तरक़्क़ीपसंद साथी नाराज़ भी हुए। लेकिन चुग़ताई अलग मिट्टी की बनी हुई थीं, न तो वे अपने जीते जी कभी लीक पर चलीं और न ही मरने के बाद। इस्मत चुग़ताई की शानदार शख़्सियत के बारे में मंटो ने क्या ख़ूब कहा है, ''इस्मत पर बहुत कुछ कहा गया है और कहा जाता रहेगा। कोई उसे पसंद करेगा, कोई ना—पसंद।

लेकिन लोगों की पसंदगी और ना—पसंदगी से ज़्यादा अहम चीज़ इस्मत की तख़्लीक़ी क़ुव्वत है। बुरी, भली, उरियां, मस्तूर जैसी भी है, क़ाइम रहनी चाहिए। अदब का कोई जुगराफ़िया नहीं। उसे नक़्शों और ख़ाकों की क़ैद से, जहां तक मुमकिन हो, बचाना चाहिए।'' (सआदत हसन मंटो-दस्तावेज-5, पेज 73)

### नया पुराना जमाना

पगडंडी ही अपनी अच्छी थी
सड़कें तो हर तरफ जाम हैं
अब जरुरत नहीं बड़े बुजुर्गों की
हर बच्चा होशियार है
भाग गई फुर्सत अब तो
सबके पास मोबाइल है
अब सब कट गए बाग-बगीचे
घर के गमलों में ही बाग है
अब पेप्सी-कोला पीने में
अपनी शान समझते हैं
दही-छाछ, दूध नहीं पीते
कहते हैं हम बीमार हैं
बंद हो गई चिट्ठी-पाती
मोबाइल पर ही हर समाचार है
सब हो गए एसी के आदी
कहते हैं बाहर बहुत गरम है
आधुनिक संसाधनों के
इतने हो गुलाम हो गये
उनके बिना जीवन जीना दुश्वार है।

**मोहन सुरजन,** जबलपुर 9424643421


स्नेह की डोर
हुई और मज़बूत
मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
रक्षाबंधन का त्यौहार
भैया शिवराज सिंह चौहान
के साथ
27 अगस्त, 2023 । दोपहर 12:00 बजे
जम्बूरी मैदान, भोपाल
1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को
आत्मनिर्भर और स्वावलंबी जीवन का उपहार
हर महीने मिल रहे
₹1000
बढ़कर मिलेंगे
₹3000
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023
सभी नागरिकों से अनुरोध है कि स्वच्छता के इस महाअभियान में दिये गए QR कोड के माध्यम से अपने शहर को अपना बहुमूल्य फीडबैक प्रदान करें और मध्यप्रदेश को नंबर-1 बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।
अंतिम तिथि - 31 अगस्त 2023
QR code
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
DDMP
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11090/23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

# भगवान शिव पंचदेवों में प्रधान अनादि है :चैतन्यानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में श्रावण माह के पावन पर्व पर ब्रह्मचारी चैतन्य महाराज के सानिध्य में आयोजित शिव महापुराण में शनिवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण उनका अभिषेक एवं महाआरती हुई। तत्पश्चात ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने शिव महापुराण की कथा में बताया कि भगवान शिव पंच देवों में प्रधान है वह अनादि है अजन्मा है। भगवान शिव का अर्थ ही है- 'कल्याणस्वरूप' और 'कल्याणप्रदाता'। परमब्रह्म के इस कल्याण रूप की उपासना उच्च कोटि के सिद्धों, आत्मकल्याणकामी साधकों एवं सर्वसाधारण आस्तिक जनों-सभी के लिये परम मंगलमय, परम कल्याणकारी, सर्वसिद्धिदायक और सर्वश्रेयस्कर है। शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि देव, दनुज, ऋषि, महर्षि, योगीन्द्र, मुनीन्द्र, सिद्ध, गन्धर्व ही नहीं, अपितु ब्रह्मा-विष्णु तक इन महादेव की उपासना करते हैं हम सभी को भगवान शिव की उपासना करना चाहिए इससे हमारे सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं आज शिव महापुराण में मनीष पांडे ब्रजेश दुबे पट्टू पांडे गोविंद साहू प्रशांत नगाइच मनोज सेन आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# अ.भा.तुलसी अलंकरण-सम्मान महोत्सव 27 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** विप्रकुल परिषद एवं तुलसी मानस प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में अ.भा. तुलसी महोत्सव का आयोजन रविवार 27 अगस्त 2023 को शाम 6 बजे से समन्वय सेवा केन्द्र आदि शंकराचार्य चौक, छोटी लाइन फाटक में किया गया है। अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.राजकुमार सुमित्र एवं महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि संस्था के संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.कैलाश गुप्ता होंगे। समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र जामदार एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्रीमती जयश्री मिश्रा होंगी।

**अलंकरण सम्मान-** समारोह में स्वामी अव्यक बोध सम्मान से स्वामी प्रकाशानंद महाराज, महर्षि जाबालि सम्मान से अशोक मनोध्या,मानस रत्न सम्मान से ब्रजेश शास्त्री चित्रकूट, मानस सेवा सम्मान से अनिल तिवारी एवं दिनेश मिश्रा, शिक्षा रत्न सम्मान से प्रो. एच.बी. पालन एवं प्रेमदास बैरागी, समाज सेवा सम्मान से संतोष शुक्ल, कलारत्न सम्मान से प्रमोद कुशवाहा को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही संस्कारधानी गौरव सम्मान से सुरेन्द्र सिंह, अभिमन्यु जैन, दीदी कृष्ण निशा तिवारी, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रभात दुबे, रवि सोनी, पंकज अवस्थी, डॉ. कामना कौस्तुभ तथा विद्या रत्न सम्मान से कु. नंदनी रैकवार एवं कु. प्राची ठाकुर सम्मानित होगी।

# जड़ी बूटियों की हवन सामग्री का बड़े फुहारा पर नि: शुल्क वितरण आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अंतर्गत 27 अगस्त रविवार सुबह 9:00 बजे से रात 9 बजे तक लगातार जड़ी बूटियों की हवन सामग्री जिसमे 60 से अधिक अद्भुत जड़ी बूटियों का संकलन है जिसे लगातार वितरित किया जाएगा। सावन माह के हर रविवार को हवन सामग्री बांटी जा रही है यह आखरी रविवार है। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया हवन करने से वातावरण शुद्ध के अलावा कीटाणुओं का नाश होता है सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया सावन माह में एक आहुति ओम औषधि स्वाहा की अवश्य करें जिससे रोगों से मुक्ति मिलेगी



# वर्तिका काव्योत्सव आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतरराष्टीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका का काव्योत्सव समारोह आज 27 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे से दत्त मंदिर सभागार में भाषा विज्ञानी डॉ.पूरनचंद श्रीवास्तव की स्मृतिमें आयोजित है।संयोजक विजय नेमा अनुज ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार इंजी.सुरेंद्र पवार होंगे। अध्यक्षता बुन्देली मर्मज्ञ दीनदयाल तिवारी बेताल करेंगे।इस अवसर पर शिक्षाविद, साहित्यकार डॉ.मृदुलासिंह एवं दीप्ति श्रीवास्तव के काव्य पटल का लोकार्पण किया जाएगा।वर्तिका अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण एवं महसचिव आशुतोष तिवारी ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

# गूगल, ऑस्कर को सेपरेट रूम, बिहेवियर थैरेपी सिखा रहे डॉग लवर्स

## घरों में डॉगीज को मिल रहा बच्चों जैसा दुलार, ग्रूमिंग पर करते हजारों खर्च



**जबलपुर, देशबन्धु।** कालू, मोती, शेरू, भूरा पुराने समय में डॉगीज के नाम कुछ ऐसे ही हुआ करते थे। समय अपडेट होने के साथ ही डॉग्स के साथ ही अब अपग्रेड हो चुके हैं। इसके चलते गूगल, ऑस्कर, लैला, मजनूं, ट्विटर, फेसबुक जैसे नाम लोग अपने डॉग्स को दे रहे हैं। लाइफस्टाइल के हिसाब से लोग डॉग्स के नामों के साथ उनके रहन-सहन के लिए कई व्यवस्थाएं भी कर रहे हैं। अब आंगन में बंधे रहने वाले डॉग के लिए सेपरेट रूम मिल रहा है, वहीं उन्हें बिहेवियर थैरेपी भी सिखाई जा रही है। डॉग्स और इंसानों की भावनाओं को एक सूत्र में बांधने के लिए हर साल शनिवार 26 अगस्त को डॉग डे मनाया जाता है। इस मौके पर आइए जानते हैं शहर के डॉग लवर्स की बातें..

**हर माह होती ग्रूमिंग-** डॉग लवर देवकी पटेल का कहना है कि वे खुद के साथ-साथ अपने डॉग्स की ग्रूमिंग पर भी खासा खर्च करती हैं। इसके लिए जहां पेट्स पालर्स ले जाता है, वहीं घर ही एक्सपर्ट बुलवा कर डॉग की कटिंग, नेल कटिंग और स्किन केयर करवाई जाती है। इसके साथ ही महंगे शेम्पू, सोप और डॉग एसेसरीज भी खरीद रहे हैं।

**बिहेवियर थैरेपी-** डॉग ट्रेनर शिवम कहते हैं कि विदेश की तर्ज पर शहर में भी बिहेवियर थैरेपी का कॉन्सेप्ट बढ़ रहा है। इस थैरेपी में डॉग को अच्छी हैबिट्स सिखाई जाती हैं। यहां तक भी वह खुद वॉशरूम तक उपयोग कर सकते हैं। इतना ही नहीं वे इतने ट्रेंड हो जाते हैं कि घर के सदस्यों का ध्यान रखने के साथ घर के कामों में भी माहिर हो जाते हैं।

**स्ट्रीट डॉग्स अडॉप्शन-** शहर में कई युवाओं के लिए ग्रुप हैं जो डॉग सुरक्षा, बचाव और उनके अडोप्शन के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के डिफरेंट प्लेटफॉर्म अपने ग्रुप और पेज बनाएं हैं, ताकि जरूरतमंद डॉग्स को मदद मिल सके। वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो सड़कों पर घूमने वाले डॉग्स को हर रोज खाना खिलाने निकल पड़ते हैं।





# वशीकरण इक मंत्र है परिहरु वचन कठोर

**जबलपुर, देशबन्धु।** तुलसी मीठे वचन ते सुख उपजत चहुं ओर, वशीकरण इक मंत्र है परिहरु वचन कठोर...तुलसीदास की इन्हीं रचनाओं का वाचन वक्ताओं ने कार्यक्रम में किया। महाकोशल कॉलेज में आयोजित तुलसीदास पर संगोष्ठी में प्रो. अरुण शुक्ला ने कहा कि तुलसी दास सवर्ग थे। इस मौके पर डॉ. एनएल जैन, डॉ. किरण जैन, डॉ. धुव दीक्षित, डॉ. बलीराम अहिरवार, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, गजानन मिश्रा मौजूद थे।

# स्वस्थ आहार से बनता जीवन का आधार



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वस्थ आहार की जीवन का आधार है। बदलती लाइफस्टाइल और खानपान के कारण युवाओं को तनाव के साथ अन्य समस्याएं बढ़ रहीं हैं। ऐसी समस्याओं का निराकरण और शोध तथ्यों पर वक्ताओं बात की। होमसाइंस कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में डॉ. धारिणी कृष्णन और डॉ. रश्मि सक्सेना ने योग से निरोग रहने की बात कही। प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. विश्वशांति पराशर मौजूद रहीं ।

# जंगल-जंगल बात चली है...

**जबलपुर, देशबन्धु।** जंगल थीम पर लेडीज ने सेलिब्रेशन किया। थीम के अकॉर्डिंग सभी ने एनिमल प्रिंट के आउटफिट्स कैरी किए। ग्रीन ड्रेसकोड भी लेडीज ने फॉलो किया। शुक्रवार को जैनिज्म यूनिटी क्लब के तत्वावधान में जंगल थीम पर क्लब पार्टी हुई अट्रैक्टिव डेकोरेशन और एंटरटेनिंग गेम्स में महिलाओं ने प्राइज जीते।

**स्पेशल ट्राइबल डांस-**कार्यक्रम में लेडीज ने जंगल थीम पर डांस भी किया। इसमें ट्राइबल और अफ्रीकन डांस भी खास रहा। ग्रीन थीम के साथ महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर सपना जैन, प्रतिभा जैन, नन्दनी जैन, नितिका जैन, विनीता बड़कुल, जया कौशल, राशी जैन, मोनिका जैन, सीमा जैन, शैलजा, मनीषा जैन मौजूद रहीं।



# रिसर्च गतिविधि को मिलेगा बढ़ावा

**जबलपुर, देशबन्धु।** रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज और श्यामसुंदर अग्रवाल कॉलेज सिहोरा के विभागों के बीच एमओयू साइन हुआ। इसके अंतर्गत कॉलेज के छात्र एक दूसरे के सेंटर में जाकर आवश्यक जानकारी जुटा सकते हैं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. पीके झिंगे, विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार कुशवाहा, डॉ. आरके मैथ्यू मौजूद थे।

# दैनिक राशिफल

**रविवार 27 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी। नक्षत्र-ऊ.षा.।**

**मेष**
यदि आप अपना स्वभाव शांत नहीं रखेंगे, तो उस कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है।

**वृषभ**
आपकी तबीयत खराब होने के कारण काम में जल्दी सफलता नहीं मिल सकती है। मन में निराशा का अनुभव होगा। काम के बोझ से मानसिक तनाव और उचाट की स्थिति उत्पन्न होगी।

**मिथुन**
स्फूर्ति और उत्साह से आपके आज का दिन प्रारंभ होगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ बाहर घूमने जाएंगे तथा पार्टी का आयोजन होगा। मनोरंजन कर सकते हैं।

**कर्क**
आज आपको सफलता और आनंद की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुख-शांतिवाला होगा। नौकरी में लाभ हो सकता है।

**सिंह**
आपको साहित्य में कुछ नवीन सृजन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल होने के कारण पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। प्रेम में सफलता मिलेगी।

**कन्या**
आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा।

**क.**

**तुला**
आज मांगलिक प्रसंग तथा प्रवास की योजना बन सकती है। सहोदरों के साथ पारिवारिक प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। विदेश में बसने वाले स्वजनों की तरफ से आनंद का समाचार प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अतः ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। गलत खर्च न हो इसका ध्यान रखें। तन-मन में बैचेनी रहा करेगी।

**धनु**
आज व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। विदेश स्थित व्यापार से लाभ होगा। आपके हाथ से धार्मिक एवं मांगलिक काम होंगे। स्नेहीजनों और मित्रों का मिलन आनंदित करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

**मकर**
स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा।

**कुंभ**
मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। अविवाहितों का विवाह आयोजित होगा।

**मीन**
आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ होगा।

**मा.**

# संत मदर टेरेसा की जयंती पर काटा केक



**जबपुलपुर, देशबन्धु।** सर्व ईसाई महासभा जबलपुर के द्वारा भारत रत्न, नोबल शांति से सम्मानित, स्नेह सेवा, त्याग एवं करुणा की प्रतीक संत मदर टेरेसा की जयंती के उपलक्ष्य पर दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर जयंती मनायी गयी। उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। समाज सेवी पास्टर जी. स्टैनली सुकुमार ने कहा कि सेवा ही संकल्प, सेवा करना हमारा सौभाग्य है। मदर टेरेसा ने जीवनभर प्रेम, त्याग और सम्पर्ण के साथ सेवा किया और उनका जीवन हमारे लिए आदर्श है। वहीं युवा मोर्चा के अध्यक्ष डेविस समाधनाम ने कहा समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस दौरान महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री विनोद चेम्बर्स, प्रदेश प्रभारी आशीष सालोमन, जिला सचिव डेन्ज़िल अंग्रे, विकास डेविड, मेशक चौधरी, शिमोन सागर, मनोज अन्थोनी, अतुल जोसफ, एनोश, जॉय, जी. रवि, रोहन, अर्पित, सोनिया सुकुमार, सुधा सैमुएल एवं मसीही जन उपस्थित रहे।

# संभागीय शालेय खेलों में खिलाड़ियों के हक़ मार कर अधिकारियों की बल्ले-बल्ले

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर बताया कि विगत दिवस संभागीय फुटबॉल खेलों का आयोजन जिला कटनी में 22 से 24 तक आयोजित होना था, किन्तु जबलपुर शालेय शिक्षा (खेल-कूद ) विभाग से छात्र-छात्राओं फुटबॉल खिलाड़ीयों की टीमों को 22 अगस्त की सुबह मैनेजर एवं कोच ने ट्रेन से पहुंचकर दिन भर मैच खिला कर उसी ही दिन 22 अगस्त को रात में छात्र-छात्राओं को ट्रेन से वापस लेकर लौट आये। गरीब छात्र-छात्राएं सुबह 4 बजे कटनी जाने के लिए तैयार हुए, दिन भर खेले और रात में ट्रेन से जबलपुर थक हारकर घर पहुंच गये। यहां कोच मैनेजर स्कूलों से तीन दिन तक लगातार खेलों के नाम पर अवकाश ओ. डी. लेकर दो दिन मौज- मस्ती कर चौथे दिन स्कूल पहुंचे। वहीं तीन दिन का खिलाड़ियों का फर्जी भुगतान का बिल बनेगा, इस तरह से प्रत्येक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है, जिस की सूक्ष्म जांच होनी चाहिए, जो कि वर्षों से इस तरह से गरीब छात्र-छात्राओं को परेशानी में डाल कर तीन दिन की प्रतियोगिता को एक दिन में कर बच्चों का हक़ मार कर फर्जी भुगतान कर अधिकारी गण अपनी-अपनी जेबों को गर्म कर लेते हैं। श्री ठाकुर के अनुसार वर्तमान में संभागीय शालेय फुटबॉल खिलाडीयों छात्र-छात्राओं कों किट ड्रेस वितरण भी नहीं किया गया। इन गरीब छात्र-छात्राओं को बड़ी आशा रहती है कि कम से कम एक खेल किट ड्रेस तो जरूर मिलेगी। किन्तु अधिकारियों को इन गरीब छात्र-छात्राओं एवं खेलों के प्रति जागरूकता नहीं हैं। सिर्फ जेबों में पैसा आना चाहिए, खेल एवं खिलाड़ियों से कुछ लेना-देना नहीं, उन्हें तो खानापूर्ति कर अपने खेल कैलंडर में फर्जी तरीके से बिलों को तैयार कर भुगतान कर कार्यक्रमों को निपटाने में सफलता हासिल करना है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के दिलीप सिंह ठाकुर, भास्कर गुप्ता आदि ने शासन व कलेक्टर से मांग की है, कि इस गंभीर मुद्दे पर सूक्ष्म जांच की जाये ताकि भविष्य में गरीब छात्र-छात्राओं खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी ना हो।

# मेरठ में जीती ट्रॉफी



**जबलपुर, देशबन्धु।** कमाण्ड स्तरीय अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता में शहर के आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 जैकआरआरसी ने मेरठ में ट्रॉफी जीती। पक्ष में अभिनय खत्री और विपक्ष में नित्या भिड़े को बेहतरीन प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर कमाण्डेंट जैकआरआरसी, ब्रिगेडियर राजेश शर्मा, प्राचार्य शीला पाण्डेय मौजूद रहीं।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती पार्वती बाई चौधरी-** कोल माइंस आफिस के सामने गुप्तेश्वर निवासी श्री शंकर लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम नारायण लोधी-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री ओम नारायण लोधी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंपा माली-** रामपुर दुर्गा नगर निवासी श्री शारदा प्रसाद माली की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा माली का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पुन्नू लाल झारिया-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री पुन्नू लाल झारिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रभा रजक-** कालीमठ आमनुपर निवासी श्री प्यारे लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा रजक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम सिंह ठाकुर-** संदीप मेमोरियल स्कूल के पास लालमाटी निवासी श्री श्याम सिंह ठाकुर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे-** आनंद नगर अधारताल निवासी श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला शर्मा-** कांचघर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री रमा शंकर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला शर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी बाई साहू-** कंचन परिसर मदनमहल निवासी श्री गुलाब चंद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी बाई साहू (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना पंचम पाली-** काले नगर शिरडी अहमदनगर रोड निवासी श्री मुन्ना पंचम पाली (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# पेंशन कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हो रहा शोषण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष हेमंत ठाकरे ने बताया कि कलेक्टर परिसर में स्थित संभागीय कार्यालय कोष लेखा एवं जिला पेंशन कार्यालय में सेवानिवृत कर्मचारियों का शोषण अपनी चरम सीमा पर है यहां अधिकारी और कर्मचारियों की मिली भगत और हीला हवाली के चलते सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने ही स्वत्वों को पाने चक्कर लगाने मजबूर होते हैंद्य उन्हे अपने ही देय स्वत्वों को पाने हेतु इस कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ता है परंतु जब तक इस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों को चड़ौतरी नहीं दी जाती तब तक ऐन केन प्रकारेण उनके प्रकरणों पर आपत्ती लगा कर लटकाया जाता है और ज्यों ही उनके मन की मुराद पूरी हो जाती है तब सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्तीय प्रकरण आगे बड़ते है एवं उपादान इत्यादि के देयक पास होते है द्य

संघ ने आगे बताया कि इस कार्यालय मे भ्रष्टाचार का आलम यह है कि जब तक चपरासी से लेकर अधिकारी तक बन्दर बांट नहीं होती तब तक फाईलें आगे नहीं बड़ती और जो कर्मचारी अपने 40 से 45 वर्ष विभागों एवं शासन-प्रशासन के हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के बाद सेवानिवृत्त होता है उसे अपने ही पैसों को प्राप्त करने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों की जेबें गरम करना पड़ता है तब बिल पास होते हैं। यही वजह है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी हैरान, परेशान और हलाकान है।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम, हेमंत ठाकरे, दिनेष गौंड़, राकेष श्रीवास, एनोस विक्टर, मनीष मिश्रा, विनोद सिंह, सुधीर पावेल, गोपीषाह, सुनील झारिया, उमेष सिंह ठाकुर, सुनील स्टीफन, अफरोज खान, रवि जैन, धनराज पिल्ले, मकसूद कादरी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, सतीष दुबे, फिलिप अन्थोनी, योगेष ठाकरे, विरेन्द्र श्रीवास, आषाराम झारिया, रामकुमार कतिया, नितिन तिवारी, समर सिंह ठाकुर, त्रिलोक सिंह, सुधीर अवधिया, अजय मिश्रा, गिरीषकांत मिश्रा, आशीष कोरी, संतोष चौरसिया, भास्कर गुप्ता, आर.पी.खनाल, राषिद अली, संदीप परिहार, अशोक परस्ते, अनूप डाहट आदि ने कलेक्टर महोदय जी से मांग की है कि इन भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही कर पेंशन कार्यालय एवं संयुक्त संचालक कोष एवम लेखा में हो रहे भ्रष्टाचार को विराम दिया जाए।

# रक्षाबंधन के पहले बाजारों में सजी राखियों की दुकाने, बढ़ी रौनक





**जबलपुर,देशबन्धु।** रक्षाबंधन पर्व के दौरान प्रमुख बाजारों में होने वाली भारी भीड़ की सुरक्षा के मद्देनजर एसपी टीके विद्यार्थी ने शहर/ देहात थाना प्रभारियों को चौकस रहने के निर्देश दिए थे। बाजार में महिलाओं/युवतियों के साथ किसी प्रकार की कोई धक्का-मुक्की, चोरी या फिर लूट की वारदात न हो। इसके लिए पुलिस ने पूरा प्लान तैयार किया था, लेकिन संबंधित थाना की पुलिस भीड़ के बीच दिखाई नहीं देती। प्रतिष्ठित कारोबारियों का कहना है की बाजार में पहले पुलिस की टीम पैदल मार्च करती रहती थी, लेकिन बीते कुछ दिनों से पुलिस ने पैदल निकलना ही बंद कर दिया है। पुलिस अधिकारियों एवं थाना के वाहन जरूर दिन में कई बार आते-जाते रहते हैं।

मार्केट में दिन भर अधारताल, रांझी, गढा एवं सदर में प्रमुख रूप से राखी के अवसर पर जाम की स्थिति बनी रहती है। रूमाल की खरीददारी के लिए भारी भीड़ आती है। शहर में लार्डगंज, गंजीपुरा, बड़ाफुहारा, गोरखपुर, वर्षो में रक्षाबंधन से संबंधित खरीदी के दौरान महिलाओं के साथ लूट और पर्स चोरी होने की दर्जनों शिकायतें थाने तक पहुंची।

इस बार एसपी ने चोर लुटेरों पर अंकुश लगाने के लिए थाना बल के साथ अतिरिक्त बल भी बाजार में तैनात करने का खाका बनाया गया है। बाजारों में होने वाली भीड़ में 90 प्रतिशत भीड़ युवतियों/महिलाओं की होने के कारण बाजार में सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक महिला पुलिस बल तैनात किया जाता है।

इधर बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी राम भरोसे ही चल रही है। राखी- रूमाल, कपड़ा, जेवर एवं सौंदर्य प्रसाधन मार्केट में पैदल चलना मुश्किल है। बाजार में आलम यह है कि दोपहिया वाहन के कारण की जाम लग रहा है। उसी बाजार में ई-रिक्शा के साथ लोडिंग ऑटो और कार के आने-जाने से स्थिति बिगड़ रही है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

# पुलिस ने पकड़ी लाखों की शराब, 37 पेटी अंग्रेजी शराब व लोडिंग वाहन जप्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** मझौली थाना अंतर्गत पुलिस ने कटनी बचइया की ओर से आ रही एक लोड़िंग वाहन को रोक कर तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा अंग्रेजी शराब मिली। जिसके बाद पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में मझौली थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि बीती रात पुलिस को खबर मिली कि कटनी बचइया तरफ से एक सफेद रंग की लोडिंग महिन्द्रा पिकप क्रमांक एमपी 20 जी 7023 में अवैध शराब लाई जा रही है। जिसपर पुलिस ने बचैया रोड दोरा नदी के पुल के पास दबिश दी। जहां कुछ समय बाद उस नम्बर का लोडिंग वाहन महिन्द्रा पिकअप आते दिखा। पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगा जिसका पीछा कर पिकअप को आंगनवाड़ी के सामने रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम कलीम अहमद उम्र 30 वर्ष निवासी गोसिया मदरसा के पास ठक्कर ग्राम बताया। वाहन की तलाशी लेने पर पीछे की तरफ 37 पेटी अंग्रेजी शराब रखी मिली। जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 30 हजार 980 रूपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुये, शराब व लोडिंग वाहन जप्त कर लिया है।

## गांजा बेचते युवक पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा थाना अंतर्गत कुर्रे रोड मंडी के पास पुलिस ने एक युवक को गांजा बेचते रंगे हाथ पकड़ा है। जिससे आधा किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि देर रात सूचना मिली एक युवक कुर्रे रोड मंडी के पास थैला में गांजा रखे बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने तत्काल कुर्रे रोड मंडी के पास दबिश दी। जहां एक युवक अपने हाथ मे सफेद रंग का थैला लिये दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना नाम जवाहर लाल उम्र 38 वर्ष निवासी बचईया थाना बहोरीबंद जिला कटनी बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह थैले के अंदर पन्नी में गांजा रखा मिला। जो तौल करने पर 900 ग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी से गांजा जप्त करते हुये अपराध दर्ज कर लिया है।




## सीएम के खिलाफ साजिश कर रही आशा नेता के खिलाफ भड़का कार्यकर्ताओं का गुस्सा

**जबलपुर, देशबन्धु।** आशा कार्यकर्ताओं को सीएम के खिलाफ भड़काने एवं अन्य आशाओं से अभद्र व्यवहार करने की शिकायत लेकर पहुंची आशा कार्यकर्ता ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर एवं सीएमएचओ संजय मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर आशा नेता पूजा कनोजिया पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। जिला अस्पताल विक्टोरिया पहुंची गुप्तेश्वर में पदस्थ आशा कार्यकर्ता डॉली वंशकार ने बताया कि उनके द्वारा ओमती थाना अनुसूचित जाति जनजाति थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि पूजा कनोजिया सभी आशा कार्यकर्ता को स्वास्थ्य विभाग के दस्तक अभियान का बहिष्कार करने कहती है, आशाओं से 500 रुपए की चंदा वसूली करती है, जो आशा पैसे नही देती उसके साथ गालीगलौच कर सबके सामने बेइज्जती करती है। अधिकारियों से झूठी शिकायत कर निकलवाने की धमकी देती है।

गौरतलब है कि हर वर्ष पूजा कनोजिया को 15 अगस्त में प्रशस्ति पत्र दिया जाता था, जो इस वर्ष पूजा कनोजिया को ना देकर आशा कार्यकर्ता डॉली वंशकार और अन्य आशाओं को दिया गया है। जिसका विरोध पूजा कनोजिया कर रही है। जबलपुर की अन्य आशाओं का कहना है, कि आशा पूजा कनोजिया द्वारा आशाओं से अवैध वसूली की जाती है और जो पैसे नही देती उनसे गाली गलोच की जाति है। पूजा कनोजिया की फर्जी नियुक्ति की भी जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गई है।




## एसपी ने एडीपीओ तथा राजपत्रित अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक

### गंभीर मामलों की हुई समीक्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस कन्ट्रोलरूम में शनिवार शाम पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने डी.पी.ओ./ए.डी.पी.ओ. तथा राजपत्रित अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक ली गयी। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे, नगर पुलिस अधीक्षक प्रियंका करचाम, नगर पुलिस अधीक्षक प्रभात शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक पंकज मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार गौतम, नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक उदय भान सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक आकांक्षा उपाध्याय, एवं जिला अभियोजन अधिकारी अजय जैन, सीनियर एडीपीओ, स्मृतिलता बरकडे, केजी तिवारी, सारिका यादव, भारती उईके, नमिता मिश्रा, शोभना पटेल, रागिनी जैन, संदीप जैन, देवर्षि पिंचा आदि उपस्थित रहे। एसपी ने बैठक में सभी ए.डी.पी.ओ. से न्यायालय में विचाराधीन गम्भीर, सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों, आर्म्स एक्ट, एन.डी.पी.एस. एक्ट, पाक्सो एक्ट के कितने प्रकरणों की पैरवी कर रहे हैं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अपनी प्राथमिकतायें बताते हुये कहा कि गम्भीर एवं सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों में, फायर आर्म्स तथा आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में एवं नशीले पदार्थो अर्थात एनडीपीएस एक्ट, नशीले इंजैक्शन, तथा पाक्सो एक्ट के प्रकरणों में आप सशक्त एवं सारगर्भित पैरवी करें, ये बेहद जरूरी है इससे निश्चित ही क्राईम कंट्रोल में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ऐसे प्रकरण जिनमें अपराधी को न्यायालय द्वारा दण्डित किया जायेगा, सम्बंधित कोर्ट मोहर्रिर को नगद पुरूस्कार से एवं पैरवी करने वाले शासकीय अधिवक्तागणों को मेरे द्वारा प्रशस्ति पत्र से पुरूस्कृत किया जायेगा। एसपी ने सभी अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने के पूर्व एक बार चालान का अवलोकन सम्बंधित ए.डी.पी.ओ. से करा लें, आप भी सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ली सदस्यों के साथ बैठक

**जबलपुर, देशबंधु।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के दिल्ली से पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर नायक बीते कुछ माह से परिषद के व्यापीकरण अभियान में लगे हुए हैं इसी दौरान उनका जबलपुर द्वारा भी हुआ उन्होंने जबलपुर से जुड़े परिषद के पदाधिकारी व कार्य सदस्यों से जिला कार्यालय में भेंट की। जिसमें परिषद के रराष्ट्रीय संयोजक, उपाध्याय सचिव सह सचिव



संगठन मंत्री और सभी सदस्य गण उपस्थित हुए। जिसमें उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक विनय सक्सेना और महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर नायक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए उनकी परेशानियों को जाना और परिषद को व्यापक रूप देने के लिए मंथन किया। इस मौके पर परिषद के सभी पदाधिकारियों ने अपने वक्तव्य रखे।

# मानसिक विकास के बिना बाल संरक्षण संभव नही : चीफ जस्टिस

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** बाल संरक्षण के लिए राज्य स्तरीय परामर्श के लिए दो दिवसीय विमर्श नाम के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ ने किया। सीजे श्री मलिमठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक विकास के बिना बाल सरंक्षण संभव नहीं है। अस्वस्थ्य मस्तिक ही शरीरिक स्वास्थ्य में गिरावट का मुख्य कारण है।

उक्त कार्यक्रम आयोजन मप्र हाईकोर्ट, राज्य न्यायिक अकादमी, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यूनिसेफ एवं प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अपने उद्बोधन को आगे बढ़ाते हुए सीजे ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा का दायरा काफी बड़ा है। बाल संरक्षण को आम तौर पर बच्चें का शारीरिक और मनोवैज्ञानिक कल्याण तथा पुर्नवास और प्रभावी ढंग से किशोर न्याय अधिनियम का पालन करना समझते है। जबकि कानून के उद्देश्यों की प्राप्ति तभी संभव है, जब बच्चें की मानसिक भलाई सुनिश्चित की जाये। इस क्षेत्र के कुशल परामर्शदाता और चिकित्सक निश्चित रूप से बच्चों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं। यह जिम्मेदारी राज्य सरकार व उन संस्थाओं की है, जो इस क्षेत्र में कार्य करती है। कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार ही लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होनें सुझाव दिया कि सरकारी एजेन्सी को स्कूल व कॉलेज में परामर्शदाताओं और चिकित्सकों की नियुक्ति पर विचार करना चाहिए। माता-पिता का भी दायित्व है कि वह बच्चों को परामर्श दताओं व चिकित्सकों के पास लेकर जाये। स्कूलों में ऐसा किया गया तो अपराध से पीड़ित बच्चों के लिए लाभदायक होगा। इस अवसर पर हाईकोर्ट जज तथा किशोर न्याय समिति के सदस्य जस्टिस आनंद पाठक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल तंत्र पर ध्यान केन्द्रित करना नही है। बच्चों की सुरक्षा संबंधी मुद्दों के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियाँ पर विचार करना है। कार्यक्रम को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश राजौरा तथा यूनिसेफ की मुख्य फील्ड अधिकारी सुश्री मार्गरेट ग्वाडा ने भी संबोधित किया।

## लाखों का सोना और जेवर लेकर फरार हुई पत्नि के मामले में कोर्ट सख्त

### तीनों के खिलाफ समंस जारी, हाजिर होने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** ससुराल से 180 तोला सोना व 8 लाख 70 हजार रुपये लेकर फरार हुई पत्नि व उसके पिता और मामा के खिलाफ अदालत ने प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिये है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी किशन देव सिंह की अदालत ने श्रद्धा पटेल व उसके पिता रोकड़ पटेल व रामशंकर पटेल के खिलाफ समंस जारी कर 21 सितंबर 2023 को हाजिर होने के निर्देश दिये हैं।




कल्पेश पटेल की ओर से यह परिवाद दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उनका विवाह श्रृद्धा पटेल के साथ 29 नवंबर 2012 को हुआ था। परिवारिक विवाद के चलते श्रृद्धा मायके चली जाती थी और कुछ समय बाद वापस आ जाती थी। आवेदक की ओर से कहा गया कि उसका व श्रृद्धा पटेल के नाम से बैंक ऑफ बड़ौदा में संयुक्त लॉकर था। जिसमें घर के 180 तोला सोना के जेवर रखे थे वहीं घर पर 8 लाख 70 हजार रुपये नगद रखे हुए थे। आरोप है कि श्रद्धा पटेल जेवर व पैसा लेकर अपने पिता के घर गई और जेवर और पैसा अपने पिता रोकड़ पटेल व मामा रामशंकर को दे दिया। उक्त मामले की शिकायत विजय नगर पुलिस लेकर उच्च अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके कुछ समय बाद आरोपी श्रद्धा पटेल ने माढ़ोताल थाने में अपने ही पिता रोकड़ पटेल, भाई व मामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उसने कहा कि उसके पिता, भाई और मामा के बहकावे में आकर जेवर व नगदी पिता को दिया था, लेकिन अब वह मुझे प्रताड़ित कर रहे है। पुलिस ने श्रृद्धा की शिकायत पर अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई दौरान अदालत ने पाया मामले में श्रृद्धा भी साजिश में शामिल है, जिस पर अदालत ने तीनों के खिलाफ धारा 406 व 120 बी के अपराध का संज्ञान लेते हुए समंस जारी कर तीनों को उपस्थित होने के निर्देश दिये है। मामले में आवेदक की ओर से अधिवक्त संजय सोनी ने पक्ष रखा।

## जिला अदालत में 792 महिला अधिवक्ताओं ने मनाया ग्रीन डे

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में शनिवार को सावन के अवसर पर 792 महिला अधिवक्ताओं ने ग्रीन-डे मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस प्रेसिडेन्ट एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आर के सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ द्वारा हर वर्ष सावन माह में महिला अधिवक्ताओं के लिये ग्रीन-डे मनाया जाता है। अध्यक्ष सैनी ने बताया की कार्यक्रम में महिला अधिवक्ताओं सहित आर्केस्ट्र टीम द्वारा रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता रेनू शुक्ला का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में संघ अध्यक्ष सैनी द्वारा महिला अधिवक्ताओं को उपहार प्रदान किया गया। महिला अधिवक्ताओं ने आयोजित कार्यक्रम के लिए संघ के अध्यक्ष एवं सचिव की प्रशंसा की। वहीए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष ने महिलाओं अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में संघ के सहसचिव जितेन्द्र अवस्थी, कोषाध्यक्ष अजय दुबे, कार्यकारी सदस्य रेनू शुक्ला, दमोदर पाटकर, शैलेन्द्र यादव एवं बाबा परसाई उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रेनू शुक्ला, मंजू वर्मा, सविता तिवारी, कहकशा मंसूरी, सुनीता सूद, रीता नोटियाल एवं ज्योति कुरील ने किया।

## 25 प्रकरणों की अनिवार्यता संबंधी मामले की सुनवाई बढ़ी

### हाईकोर्ट ने आपत्ति की निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की समस्त अधीनस्थ अदालतों में तीन माह में 25 प्रकरणों के अनिवार्य निराकरण संबंधी उच्च न्यायालय प्रशासन के आदेश को चुनौती देने के मामले में 29 अगस्त को सुनवाई होगी। मामले की प्रचलन शीलता पर सुनवाई के बाद जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की युगलपीठ ने याचिका की विचारणशीलता को लेकर उठाई गई आपत्ति निरस्त कर दी है।

ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि व सेवानिवृत एडीजे राजेंद्र कुमार श्रीवास व एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस के प्रतिनिधि अधिवक्ता राम गिरीश वर्मा ने याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि याचिका में उठाए गए मुद्दों के सम्बंध में सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यों की बैंच ने स्पष्ट किया है कि देश की विधायिका (संसद) के अलावा आपराधिक व दीवानी प्रकरणों की सुनवाई की समय सीमा का निर्धारण सुप्रीम कोर्ट व कोई भी हाईकोर्ट तय नहीं कर सकता। इस संबंध में उन्होंने हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के कई न्यायदृष्टांत भी प्रस्तुत किए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह पक्ष रख रहे है।

## चोरी करने वाले को दो साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जेएमएफसी कोर्ट पाटन ने शहपुरा क्षेत्र स्थित एचपीसीएल कंपनी से लोहे का बॉल चुराने वाले राजेन्द्र बसोर को दो साल की सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत को बताया कि आरोपी ने एचपीसीएल कंपनी चारों ओर से बाउंड्री बाल से घिरी हुई है।

7 अगस्त 2016 को आरोपी राजेन्द्र बाउंड्री कूदकर अंदर आया और पंप हाउस से लोहे का बॉल चुराकर भाग गया। गॉर्ड की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में एडीपीओं भगवानदास पटेल ने पक्ष रखा।

## वाणिज्य विभाग और आरपीएफ द्वारा चलाई गई स्टेशनों पर संयुक्त फायर सेफ्टी ड्राइव

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर आज शनिवार को एक विशेष फायर सेफ्टी अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत आरपीएफ एवं वाणिज्य विभाग की संयुक्त टीम पैंट्रीकारों सहित यात्री डिब्बों में ले जाए जा रहे किसी भी प्रकार के विस्फोटक और एलपीजी सिलेंडर, कैरोसिन स्टोव आदि सहित ज्वलनशील सामग्री के खिलाफ तुरंत संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है।



इस संबंध में सीनियर डीसीएम विश्व रंजन ने बताया कि वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की सयुक्त टीम के द्वारा इस अभियान को प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें मंडल के प्रमुख स्टेशनों जबलपुर, कटनी, मुंडवारा, सतना, सागर पर त्योहारों में भीड़ भाड़ को देखते हुए किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा को देखते हुए उक्त स्टेशनों पर इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**जबलपुर,देशबन्धु।** मणिपुर हिंसा के विरोध में कांग्रेस का आधार ताल में प्रदर्शन कांग्रेस के द्वारा मणिपुर में 100 दिन से ज्यादा समय से लगातार हिंसा जारी है इस हिंसा में एक ओर देश महिलाओं को देवी का स्वरूप मानकर पूजता है वहीं दूसरी ओर अपराधियों के द्वारा महिलाओं को निर्वस्त्र कर कर घुमाया जाता है इसी के विरोध में आधार ताल बिरसा मुंडा चौक में देश के राष्ट्रपति महामहिम द्रोपति मुर्मू को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चमन पासी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंप कर कर मांग की गई है कि मणिपुर सरकार को तत्काल भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए इस अवसर पर सैकड़ो महिला व पुरुष कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# आशा कार्यकर्ता एवं रोजगार सचिव विधायक के कार्यक्रम में जुटा रहे महिलाओं की भीड़




**पाटन देशबन्धु।** मौजूदा विधायक की विस क्षेत्र में राजनैतिक छवि चमकाने के उद्देश्य को लेकर आय दिन होने वाले कार्यक्रम से जहां एक ओर शासकीय कर्मचारी,संविदा कर्मचारी सहित दोनों ब्लाक की आशा कार्यकर्ता एवं पंचायत के सचिव,रोजगार सचिव बहुत परेशान है क्योंकि विस क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने इन सभी को जबरन तैनात कर दिया जाता था चुकी विस चुनाव की घडी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे पाटन और मझौली ब्लाक में माननीय के मौखिक आदेश पर रोजाना नए-नए कार्यक्रम तय कर दिए जाते है और विस क्षेत्र के ग्रामीण साहब के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नहीं जाते है लेकिन चुनावी माहौल तैयार करने शासकीय कर्मचारियों को भीड़ का हिस्सा बनाकर उक्त कार्यक्रम में जबरन झोक दिया जाता है यह पीड़ा तो वही जान सकता है जो रोजाना होने वाले कार्यक्रम में अपना मूल कार्य छोड़कर साहब की ड्यूटी बजाने राजनैतिक कार्यक्रम में जाता है जिसकी वजह से जनता के प्रति जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी अपनी सीट पर कार्यालय समय पर मौजूद नहीं होते और आम नागरिकों को कार्यालय समय पर नहीं मिलते है जिससे ग्रामीणों के शासकीय कार्य नहीं हों पा रहे है और लोग सरकारी दफ्तर के चक्कर लगाने मजबूर है। यही हाल विस क्षेत्र की लगभग सभी पंचायतों का है जहां के सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक को साहब के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने का टारगेट दे दिया जाता है और जो पंचायत भीड़ जुटाने में फैल हो जाती है उन पंचायतों में साहब को भारी भ्रष्टाचार दिखाई देने लगता है और उन पंचायतों को नित नए नए तरीकों से परेशान करने का सिलसिला शुरू कर दिया जाता है। इसके अलावा स्वस्थ विभाग के अधीन आशा कार्यकर्ता को भी बेरहम नेता जी नहीं बक्श रहे है। इनके सम्मान में पाटन एवं मझौली ब्लाक में आय दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लाड़ली बहनों की भीड़ जुटाने स्वस्थ विभाग के अंतर्गत आने वाली आशा कार्यकर्ता को विभाग के मौखिक आदेश पर जबरन भेजा जाता है। बेचारी आशा कार्यकर्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री की लाडली बहनें और मौजूदा विधायक की भी बहनें है ऐसा हम नहीं कह रहे है ये शब्द तो हमारे क्षेत्रीय विधायक जी के है। साहब आपको शायद यह बात नहीं मालूम होगी कि आपकी विस क्षेत्र की लाड़ली बहनों का इलाज आपकी विधान सभा क्षेत्र में संचालित सरकारी अस्पतालों की जगह आपके ही सरकारी डॉक्टर अपनी-अपनी निजी क्लीनिक पाटन,कटंगी,मझौली में कर रहे है और सरकारी अस्पतालों में होने वाली फ्री जांच की मशीन खराब होने का हवाला देकर निजी पैथोलॉजी में करके लाडली बहनों से मोटी कमाई करके उनको कंगाल बनाने का काम कर रहे हैं और जो व्यक्ति यह सब करने का मौखिक आदेश इन आशा कार्यकर्ता को देता है उस अधिकारी से आपका क्या रिश्ता है यह सब भली भांति विस क्षेत्र के लोगों को पता है। क्या पाटन विस क्षेत्र में निवासरत बहनों की जिंदगी ऐसे बदलने का अभियान चला रहे है मौजूदा विधायक,यह बात तो समझ के परे है!






## अतिथि शिक्षको ने कटंगी में सौंपा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**पाटन देशबन्धु।** मुख्यमंत्री के कटंगी आगमन के दौरान अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत कर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें अतिथि शिक्षकों का कार्यकाल 12 माह करके सेवाकाल का समय 62 वर्ष किया जाय इसके अलावा शिक्षकों का वेतनमान दुगुना किया जाये व विभागीय पात्रता परीक्षा आयोजित कर अतिथि शिक्षकों को नियमित किया जाय,ज्ञापन में बताया की अतिथि शिक्षक पिछले 14 वर्षो से शासन को अपनी सेवायें देते चले आ रहे हैं,परंतु इनका भविष्य आज सुरक्षित नहीं है। सीएम ने अपना काफिला रोककर अतिथि शिक्षको आश्वासन दिया है कि इसी माह आपको भोपाल में आमंत्रित कर महापंचायत आयोजित की जायेगी। सीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान उपस्थित रहे शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी,सूर्य प्रताप सिंह, विमल यादव,मनोज दुबे, जगन्नाथ अवस्थी,संदीप तिवारी,लोकेश मिश्रा,डी.के. बर्मन,सुरेन्द्र तिवारी,रत्नेश विश्वकर्मा,अर्चना साहू, आशुतोष नेमा,खुशबू तिवारी, सुनीता जैन,रानू नामदेव, सचिन नामदेव,राकेश पटेल, सुरभि जैन,अंजना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

## सार-समाचार



### गारंटी पीरियड में बरेला से सिलगौर रोड से गायब है सील कोर्ट और सोल्डर पट्टी

**बरेला,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बरेला से सिलगौर होते हुए 3 वर्ष पूर्व 29 लाख की लागत से लगभग1.2 5 किलोमीटर लंबा मार्ग ग्राम सिलगौरतक बनाया गया है। वर्तमान में यह रोड गारंटी पीरियड में होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा वारिस के पूर्व मेंट नेंस ना करने के कारण दम दम तोड़ रही है । रोड में झांक रही हैं गिट्टीयां-- ठेकेदार द्वारा बारिश पूर्व रोड में सील कोट ना किए जाने के कारण रोड में बड़ी-बड़ी नुकील गिट्टीया स्पष्ट झांक रही हैं रोड में अनेकों जगह गड्ढे हो गए हैं रोड में डामलका नामोनिशान तक नहीं है गायब है सोल्डर पट्टी--1.2 5 किलोमीटर लंबे मार्ग में दोनों और नियमानुसार हार्ड मोरम की सोल्डर पट्टी बनाना आवश्यक है ताकि बारिश के दौरान पानी रोड में ना भरे और रोड की सुरक्षा बनी रहे किंतु ठेकेदार द्वारा सोलडर पट्टी नहीं बनाई गई है । मेंटेनेंस दर्शाने के लिए लगे हैं केवल बोर्डट्ठ्ठ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मेंमेंटनेंस के दौरान घास एवं झाड़ियों को काटना ,रेन कटर बनाना, सोल्डर का संधारण ,क्रेकहोल एवं क्रेक भरना, सड़क किनारे नाले को संधारण, पुलियों की रंगाई -पुताई साल भर में एक या दो बार करना नितांत आवश्यक है किंतु यह सब केवल दर्शने वाले बोर्ड लगाकर विभाग अपनी इतिश्री कर रहा है जबकि हकीकत में वास्तविकता से कोसों दूर है स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से रोड मे मेंट नेंस कीकेवल खानापूर्ति की जा रही है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के उच्च अधिकारियों से नगर से सिलगौर मार्ग का औचक निरीक्षण करने की मांग की है।



### कटंगी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन पर कांग्रेसियों ने दिखाए कॉले झंडे

**मझौली देशबन्धु।** आज कटंगी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को काले झंडे दिखाने पहुंचे कांग्रेसी मेन रोड चौराहे से बस स्टैंड तक पहुंच पाए जिसमें पुलिस ने बलपूर्वक गिरफ्तार किया सैकड़ो कार्यकर्ता की हुई गिरफ्तारी कटंगी से पाटन थाने ले जाया गया जिसमें पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी विक्रम सिंह नेकनारायण सिंह ललित सोनी श्याम सुंदर यादव जगदीश सोनी जयंत जैन सुरेंद्र शुक्ला अध्यक्ष नगर कांग्रेस मकसूद खान सत्यम नेम प्रदीप पटेल दिलीप सिंह राजपूत मनोज तिवारी शंभू सोनी वीरेंद्र चंदेल शिव नामदेव आनंद बर्मन अभिषेक यादव दिनेश जैन रितेश सिंघाई आकाश खटीक यश सोनी रोमन रोमिल जैन स्वप्निल जैन शाहिद मंसूरी मोहम्मद यूनुस राजा जैन संदीप सिंह महेंद्र नेम आदित्य अंकित झारिया आशीष पटेल आशीष ठाकुर सत्येंद्र बिल्हा बृज किशोर शुक्ला अंकुल यादव योगेश ओवैस खान सचिन राजपूत किशोर सिंह यादव राहुल यादव डॉ ओंकार संतोष सिंह मन्नू खान अमन जैन मलिक यादव इंदु पटेल संजय गर्ग देवेश सोनी देवेंद्र सिंह कमल सिंह शुभम सोनी अंकित सोनी विनय नेम शिवम सोनी राजेश खटीक सक्षम राजपूत संतोष मांझी सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरगी में दिनदहाड़े लाखों की चोरी



## बरगी पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**बरगी,देशबन्धु।** बरगी में दिनदहाड़े लाखों की चोरी से लोगों की रातों की नींद उड़ गई है जब चोर दिन दहाड़े ही घर का ताला तोड़ चोरी कर रहे है तो रात के अंधेरे में क्या होगा ये सोच कर बरगी वासियों के होश उड़े हुए है घटना बरगी के के वी नगर की है जहां दिलराज तिलगाम ने अभी लगभग एक वर्ष पहले ही बरगी में मकान बनाया है उनकी पत्नी आशाकार्यकर्ता है जो सुबह अपनी ड्यूटी पर चली गई बच्चे भी स्कूल चले गए घर पर मैन गेट पर ताला डला हुआ था जिसको चोरों ने तोड़ कर घर के अंदर अलमारी में रखे लगभग 1 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर एवं 15000 नगद पर हाथ साफ कर दिया जब परिवार घर लौटा और ताला टूटा देख अंदर गए तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए दिनदहाड़े हुई इस घटना से बरगी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है लोगों का कहना है की बरगी क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं घटित हो रही है जिनका पुलिस द्वारा आज तक पकड़ा नहीं जा सका है पुलिस चोरी के मामले में एफ आई आर भी करने से बचती है पुलिस द्वारा मात्र आवेदन लेकर मामला रफादफा कर दिया जाता है जिससे लोगों का पुलिस से विश्वास उठता जा रहा है।




# पनागर में बाजार के दिन लगता है कई किलोमीटर का जाम

## दर्जनों एम्बुलेंस फसती है जाम में ,निष्क्रिय रहता है पनागर का पुलिस प्रसाशन

पनागर- नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत पनागर में शनिवार बाजार का दिन होता है यहां पर लगभग 50 गांव के लोग बाजार करने आते हैं और लगभग 500 व्यापारी पनागर में आकर मुख्य मार्ग में रोड पर दुकान लगाते हैं जिसके कारण में रोड पर कई किलोमीटर का जाम लगता है और पनागर पुलिस का कोई भी उचित अधिकारी यातायात की व्यवस्था नहीं बनता है जिसको लेकर पनागर की जनता में रोस व्याप्त है पनागर के अंकित जैन प्रवीण कोरी जगन्नाथ शर्मा धरमू राय अनिल पटेल आशुतोष सराफ सचिन तिवारी आदि ने बताया की पनागर नगर की यातायात व्यवस्था धूमिल हो चुकी है नए थाना प्रभारी की पद स्थापना की बात नगर में कई अव्यवस्थाएं हैं जिनकी और उनका ध्यान नहीं है शनिवार के दिन देखा जाता है की कई किलोमीटरो का जाम लगा होता है और पनागर हॉस्पिटल पहुंच मार्ग तो लगभग पूर्ण तरह बंद ही रहता है जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी सामने आई है और जाम की लंबी कतारों के कारण आए दिन नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत दुर्घटनाएं सामने आ रही है पनागर पुलिस प्रशासन से मांग है कि शनिवार को यातायात की समुचित व्यवस्था पनागर में बनाई जाए।

# शाला प्रबंधन समिति का हुआ गठन,अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन



**सिहोरा,देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति के गठन व अध्यक्ष उपाध्यक्ष की निर्वाचन की प्रक्रिया को शाला प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया कि निर्वाचन प्रा वि में 18 सदस्य समिति इसमें से तीन चौथाई सदस्य शाला में नामांकित बच्चों के पालक सदस्यों में वंचित समूह, कमजोर वर्ग व अन्य वर्ग के बच्चों के पालक होंगे ।समिति के 50 प्रतिशत सदस्य महिला होगी। कक्षा दूसरी से पांचवीं के उन बच्चों जिन्होंने पिछले साल ए ग्रेड अंक प्राप्त किए है। उन सदस्यों का चयन किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए सहायक शिक्षक श्रीमती छाया गौतम को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया । अध्यक्ष एवम उपाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन आने पर इन दोनों पदों के लिए सर्व सम्मति से निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष के पद पर कमलेश कोल एवम उपाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती निशा लोधी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। साला प्रबंधन समिति के पदेन सचिव प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी ने बताया कि समिति का कार्यकाल दो साल का होगा। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन समिति में पदेन एक सदस्य वार्ड पार्षद एवम नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मनोनीत एक महिला पार्षद होगी। नवीन गठित शाला प्रबंधन समिति स्कूल की देखरेख सहित नामांकन, शिक्षा गुणवत्ता, आय व्यय, योजना की जानकारी पर काम करेगी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन होने पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति का प्रधान अध्यापक अशोक तिवारी, प्राथमिक शिक्षक योगेंद्र मिश्रा, तहमीना बानो अंसारी द्वारा तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।

## शहडोल-नागपुर ट्रेन का शुभारंभ 29 को

**शहडोल, देशबन्धु।** नागपुर एवं शहडोल के बीच ट्रेन क्रमांक 11201/11202 नागपुर-शहडोल-नागपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का का शुभारंभ 29 अगस्त को रहा है। इस ट्रेन का शहडोल रेलवे स्टेशन से 29 अगस्त को ढेड़ बजे विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

रेल अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यह ट्रेन पहले दिन 08287 शहडोल-नागपुर उद्घाटन स्पेशल के रूप में शहडोल स्टेशन से 13.30 बजे रवाना होगी। यह स्पेशल ट्रेन उमरिया 14.25/14.27 बजे, कटनी साउथ 15.55/16.00 बजे, जबलपुर 17.10/17.20 बजे, नैनपुर 20.45/21.05 बजे, सिवनी 22.20/22.22 बजे, दूसरे दिन छिंदवाड़ा 00.05/00.25 बजे, सौसर 01.45/01.47 बजे तथा नागपुर 04.00 बजे पहुचेगी ।

जानकारी के अनुसार ट्रेन क्रमांक 11201/11202 नागपुर-शहडोल-नागपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 04 सितंबर से किया जाएगा । गाड़ी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल साप्ताहिक एक्सप्रेस 04 सितंबर से नागपुर से प्रत्येक सोमवार को 11.45 बजे छूटेगी तथा 00.20 बजे शहडोल पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 05 सितंबर 2023 से शहडोल से प्रत्येक मंगलवार को 05.00 बजे छूटेगी तथा 18.30 बजे नागपुर पहुंचेगी। यह गाड़ी 02 एस एल आर डी, 04 सामान्य, 11 स्लीपर, 04 एसी-3 तथा 01 एसी-2 सहित कुल 22 कोचों के साथ चलेगी।

# कलयुगी पिता को आजीवन कारावास की सजा

**शहडोल, देशबन्धु।** माननीय द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश शहडोल श्री संदीप कुमार सोनी द्वारा थाना कोतवाली के अपराध क्रं0 798/20, सत्र प्रकरण क्रं0 214/20 में आरोपी पिता (माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार पीडिता की पहचान उजागर न हो इस लिए पीडिता के आरोपी पिता के नाम का उल्लेख नहीं किया जा रहा है) को धारा 376(3) भादवि में आजीवन कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड एवं धारा 5 (एन) एन सहपठित धारा 6 पाक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में श्रीमती सुषमा सिंह ठाकुर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला शहडोल द्वारा पैरवी की गई। संभागीय जनसंपर्क अधिकारी (अभियोजन) नवीन कुमार वर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि पीडिता अपनी मां के साथ थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे माता-पिता के दो बच्चे हैं। मेरी मां मेरे बडे भाई के साथ दिनांक 27/12/2019 को दवाई लेने के लिए जबलपुर गई थी। घर पर मैं और मेरे आरोपी पिता थे। हमेशा मेरे पापा मुझे रात में दूध दिया करते थे। जिसे पी कर मैं सो जाती थी। उस रात में मैं दूध नहीं पी तो रात करीब 01 बजे मेरे पापा मेरे कपडे निकालने लगे मेरे मना करने पर उन्होने बोला कि मैं तो तेरे साथ रोज तेरे दूध में बेहोशी की दवा मिला दिया करता था जब तू सो जाती थी तो मैं तेरे साथ गलत काम करता था। आज तू दूध क्यों नहीं पी बोलकर मुझे हाथ झापड से मारा और मेरे साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और कहने लगे कि अगर किसी को बताई तो तेरी मां तुझे और तेरे भाई को जान से मार दूंगा। मां के वापस आने पर मां को पूरी बात बातई हूं।

उक्त रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना उपरांत प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सशक्त तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विचारण उपरांत आरोपी को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

## जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप मामले में अदालत में पेश हुए ट्रंप

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप मामले में गुरुवार को अटलांटा की अदालत में पेश हुए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक श्री ट्रम्प न्यू जर्सी से अटलांटा के लिए रवाना हुए और कल शाम को हर्ट्सफील्ड–जैक्सन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। उनका काफिला शाम करीब 19:35 बजे फुल्टन काउंटी अदालत पहुंचा , जहां से करीब 20 मिनट पर बाद वह मुचलके पर रिहा हुए। न्यायाधीश ने उन्हें 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि सोमवार के लिए तय की। बाद में श्री ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, 'हमने कुछ भी गलत नहीं किया। हमारे पास हर उस चुनाव को चुनौती देने का अधिकार है, जिसे हम गलत मानते हैं।' उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली और चोरी होने के आरोपों को भी दोहराया।

# ताईवान से जंग चाहता है चीन? 20 लड़ाकू विमान और ड्रोन दे रहे पहरा

चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के जरिए ताइवान पर तिरछी नजरों से देख रहा है। ताइवान ने पहले भी दावा किया कि चीन के लड़ाकू विमान उसकी सीमा में घुस आए हैं। एक बार फिर ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले 24 घंटों में उसकी सीमा क्षेत्र में 20 चीनी वायु सेना के विमान घुस आए हैं। इसके अलावा ताइवान का दावा है कि विमानों के अलावा एक लड़ाकू ड्रोन भी शामिल है।

लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान पर चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। ताइवान ने तीन साल से बीजिंग से बढ़ते सैन्य दबाव को झेल रहा है। शुक्रवार की चीनी गतिविधि पर अधिक जानकारी देते हुए ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन की इस एक्टिविटी में शामिल विमानों में स्ह्व–30 और छ्व–10 लड़ाकू विमान और पनडुब्बी रोधी विमान शामिल हैं। हालांकि, चीन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को टिप्पणी मांगने वाले कॉल का जवाब नहीं दिया।



ताइवान के मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार, कुछ लड़ाकू विमानों और ड्रोनों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर लिया, जो पहले दोनों पक्षों के बीच एक अनौपचारिक बाधा थी। चीनी विमान नियमित रूप से इसे पार कर गए थे। मानचित्र में दिखाया गया है कि एक टीबी–001 ड्रोन ने ताइवान के उत्तर की ओर उड़ान भरी और प्रशांत महासागर की ओर गया। मोटे तौर पर द्वीप के पूर्वी तट पर नजर रखी जा रही है, फिर ड्रोन उसी रास्ते से वापस लौट आया।

चीनी राज्य मीडिया ने टीबी–001 को जुड़वां पूंछ वाला बिच्छू कहा है और इसके पंखों के नीचे मिसाइलों के साथ इसकी तस्वीरें दिखाते हुए कहा है कि यह उच्च ऊंचाई, लंबी दूरी के मिशनों में सक्षम है। अप्रैल में, ताइवान ने कहा कि ड्रोन का वही मॉडल ताइवान के आसपास उड़ाया गया था।

## आज का इतिहास

1604–अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।
1781–हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
1870– भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।
1939–जेट ईधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
1976–भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई।
1976–भारतीय पार्श्वगायक मुकेश का निधन
1979–आयरलैंड के समीप एक नौका विस्फोट हुआ।
1985–नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।
1990–वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।

## जन प्रतिनिधियों का आचरण निराशाजनक: धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में जन प्रतिनिधियों के आचरण को निराशाजनक करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि युवाओं को इस संबंध में विरोध दर्ज कराना चाहिए। श्री धनखड़ ने आज यहां नयी दिल्ली प्रबंधन संस्थान के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता के गलियारे 'सत्ता के दलालों' से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'सत्ता के दलालों' की व्यवस्था समाप्त हो गई है। यह कभी पुनर्जीवित नहीं हो सकती। पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की पहचान है और अब भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता है।' न्यायिक प्रणाली को बहुत मजबूत करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी पर कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जा सकता है, तो सड़कों पर उतरने की संस्कृति खत्म होनी चाहिए।

## इंद्राणी तहसीलदार आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने की जांच की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

गुवाहाटी। असम में इंद्राणी तहसीलदार की आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने गहन जांच की मांग की है। तहसीलदार ने 11 अगस्त को एक अन्य सदस्य के साथ अपनी अंतरंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। असम महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बारठाकुर ने कहा, 'हमें न्यायपालिका पर भरोसा है, लेकिन हाल के कुछ मामलों में हमने देखा है कि पुलिस ने कई मामलों में जांच को विफल कर दिया है। इसीलिए हमने माननीय राज्यपाल से इस मामले में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा और तहसीलदार के बीच नौकरी के बदले पैसे की सांठगांठ है। गिरफ्तार किए गए पार्टी नेताओं में से एक ने पुलिस को यह जानकारी दी।

## जाति आधारित सर्वे तैयार, जल्द होगा सार्वजनिक : नीतीश

**पटना, (एजेंसियां)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि जाति आधारित सर्वे का काम पूरा हो गया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद साबित होगा। पटना में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'गिनती पूरी हो चुकी है और डेटा संकलित करने का काम चल रहा है। यह जल्द ही सामने आएगा। सर्वे से समाज के वंचित लोगों को मदद मिलेगी। यह एक तस्वीर देगा कि किस वर्ग को कितना विकास की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भाजपा नेता जाति-आधारित सर्वे पर क्या कह रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि जाति-आधारित सर्वे कराने का बीजेपी सहित सभी दलों का सर्वसम्मत निर्णय था। हम इसके पक्ष में हैं, शुरुआत से।' उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी भी सर्वे पर रोक नहीं लगाई। इस संबंध में दायर जनहित याचिका को पटना हाईकोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। नीतीश कुमार ने यह भी कहा, 'केंद्र देश की जनगणना क्यों नहीं करा रहा है जो हर 10 साल में होती है और 2021 में होनी थी। नीतीश का आरोप, केंद्र लालू प्रसाद को 'फंसा' रहा है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को चारा घोटाले में फंसा रही है। इससे पहले दिन में, सुप्रीम कोर्ट ने करोड़ों रुपए के चारा घोटाले में लालू प्रसाद को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग करने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

# पाकिस्तानी डॉक्टर के थे नापाक इरादे आईएस की मदद से करना चाहता था हमला

**इस्लामाबाद।** एच–1बी वीजा पर अमेरिका में काम करने गए एक पाकिस्तानी डॉक्टर के नापाक मंसूबे सामने आए हैं। इस पाकिस्तानी डॉक्टर का नाम मोहम्मद मसूद बताया जा रहा है। 31 साल के इस डॉक्टर पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंध रखने और अमेकिरा पर हमले की साजिश रचने के आरोप में 18 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। मसूद पर अनपी गलत पहचान बताने के साथ–साथ लगातार अमेरिका के खिलाफ अभियान चलाने का आरोप है। यहां तक कि वह सोशल मीडिया पर भी आईएस नेतृत्व के संपर्क में था।

मिनेसोटा के रोचेस्टर में एक मेडिकल क्लिनिक में रिसर्च एसोसिएट के रूप में काम कर रहा मसूद 2020 की शुरुआत में आईएस के संपर्क में आया। इसके बाद उसने आईएस नेताओं से अमेरिका पर हमला करने की अपील की। जनवरी 2020 और मार्च 2020 के बीच, मसूद ने एक आतंकवादी संगठन में शामिल होने के लिए विदेश यात्राओं के दौरान एक एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्लिकेशन का उपयोग किया। मसूद ने इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड अल–शाम (आईएसआईएस) में शामिल

### ■ हुई 18 साल की जेल

होने की अपनी इच्छा के बारे में कई बयान दिए और उनसे आतंकवादी संगठन और उसके आकाओं के प्रति अपनी निष्ठा जताई।

मसूद ने संयुक्त राज्य अमेरिका में लोन वुल्फ आतंकवादी हमले करने की भी इच्छा व्यक्त की। फरवरी 2020 में मसूद ने शिकागो से जॉर्डन के लिए एक हवाई टिकट खरीदा और वहां से उसने सीरिया की यात्रा करने की योजना बनाई। उस साल मार्च में मसूद को अपनी यात्राओं के प्लान को बदलना पड़ा क्योंकि जॉर्डन ने कोरोनोवायरस महामारी के कारण यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद मसूद एक व्यक्ति से मिलने के लिए मिनियापोलिस से लॉस एंजिल्स के लिए उड़ान भरा। उसे विश्वास था कि वह उसे आईएसआईएस क्षेत्र में पहुंचाने में उसकी सहायता करेगा।

मसूद ने रोचेस्टर से मिनियापोलिस–सेंट तक यात्रा की। लॉस एंजिल्स जाने वाली उड़ान में सवार होने के लिए पॉल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मसूद ने अपनी उड़ान के लिए चेक इन किया और बाद में एफबीआई के संयुक्त आतंकवाद कार्य बल द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सुडोकू 6298

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मेडागास्कर में IOI खेलों के उद्घाटन के दौरान मची भगदड़,12 की मौत, कई की हालत नाज़ुक

मेडागास्कर के स्टेडियम में शुक्रवार को हिंद महासागर द्वीप खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। खबरों के अनुसार, देश के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्से ने मृतक संख्या की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भगदड़ में करीब 80 लोग घायल हुए, जिनमें 11 की हालत काफी गंभीर है। खबरों में बताया गया कि मेडागास्कर की राजधानी अंतानानारिवो के महामासीना स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे देश के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने हादसे पर दुख प्रकट किया और स्टेडियम में मौजूद लोगों से जान गंवाने वालों के लिए कुछ पल का मौन रखने की अपील की।

करीब 41,000 लोगों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में पहले भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं। इससे पहले 2019 में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 15 लोगों की मौत हो गई थी। हिंद महासागर द्वीप खेल में कई तरह के खेलों का आयोजन होता है, जिनमें क्षेत्र के कई देश भाग लेते हैं। जानकारी के मुताबिक हादा उस वक्त हुआ जब 50 हजार लोग इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स के उद्घाटन में एंट्री पाने की कोशिश कर रहे थे।

मेडागास्कर के पीएम क्रिश्चियन नत्से ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि भगदड़ में बहुत सारे लोग घायल हुए हैं जिनमें से 11 की हालत नाजुक है। बता दें कि हिंद महासागर द्वीप खेल मल्टी डिसिप्लिनरी कॉन्पिटिशन है ज कि मेडागास्कर में 3 दिसंबर तक चलेगा। 1977 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी ने इसे बनाया था। इसमें मॉरिशस, सेशेल्स, कोमोरोस, मेडागास्कर, मैयट, रीयूनियन और मालदीव के एथलीट शामिल हैं।


## प्रिगोझिन की मौत के बाद पगलाए वैगनर सैनिक, पुतिन को दी बदला लेने की धमकी

**मॉस्को।** अपने चीफ येवेगनी प्रिगोझिन की प्लेन क्रैश में मौत की खबर से वैगनर के लड़ाके काफी गुस्से में हैं। बताया जा रहा है कि प्रिगोझिन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उखाड़ फेंकने के लिए प्लान बी तैयार कर लिया था। इस वजह से ही उन्हें मार दिया गया है। एक प्राइवेट प्लेन क्रैश के बाद अब उन्हें मृत मान लिया गया है। लेकिन वैगनर के लड़ाकों ने पुतिन को प्रिगोझिन की मौत का बदला लेने की चेतावनी दी है। उन्होंने पुतिन को चेताया है कि वो हर हाल ही में प्रिगोझिन की मौत का बदला लेकर रहेंगे। वहीं पहली बार पुतिन ने प्रिगोझिन की मौत पर चुप्पी तोड़ी है।

**जारी किया धमकी भरा वीडियो–** प्रिगोझिन की मौत के बाद वैगनर ग्रुप की तरफ से धमकीभरा वीडियो जारी किया गया। इसमें लड़ाकों ने अपने चीफ की मौत का बदला लेने के लिए मॉस्को की तरफ से एक और मार्च की तरफ संकेत दिया है। सदस्यों को यह कहते हुए सुना जा सकता है, वैगनर में अब क्या किया जाएगा, इसे लेकर काफी चर्चा हुई है। हम एक बात कहेंगे – हम शुरू कर रहे हैं, बस हमारा इंतजार करो। वैगनर सदस्य ने एक टेलीग्राम चैनल पर एक और तख्तापलट की चेतावनी दी। पोस्ट में लिखा है, वैगनर के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की मौत के बारे में अफवाहें हैं। हमें पुतिन के नेतृत्व वाले क्रेमलिन अधिकारियों पर उन्हें मारने की कोशिश करने पर शक है। अगर प्रिगोझिन की मौत की जानकारी की पुष्टि हो जाती है, तो हम मास्को में इंसाफ का दूसरा मार्च करेंगे। इसलिए आपके लिए बेहतर होगा कि वह जीवित रहे।

**पुतिन ने बताया, टैलेंटेड बिजनेसमैन–** दूसरी ओर पुतिन ने पहली बार प्रिगोझिन की मौत पर चुप्पी तोड़ी है। पुतिन ने वैगनर समूह के मुखिया रहे प्रिगोझिन की प्रतिभाशाली व्यवसायी के रूप में तारीफ की है। साथ ही क्रैश में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। प्रिगोझिन की मौत पर पुतिन ने 24 घंटे की अपनी चुप्पी को तोड़ते हुए कहा कि वह प्रिगोझिन को सन् 1990 के दशक से जानते थे।

## वर्ग पहेली 6298



**बायें से दायें:–**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:–**

१. करत–करत अभ्यास के...होत सुजान
२. मृत्यु–शोक (उर्दू)
३. 'टाईम कीपर'
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली–6297

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | २ तं | त्र | ३ ता | | ४ अ | न | ५ दे | खा |
| द | | त्रि | | ६ र | खा | व | | वा | |
| ७ या | चि | का | | का | | ८ सा | म | रि | ९ क |
| त्री | | | | १० य | ज | न | | | ष्ट |
| | ११ भ | द्र | १२ ज | न | | | १३ ति | न | का |
| | ज | | त | | १४ मु | श्कि | ल | | र |
| १५ सु | न | १६ सा | न | | नी | | १७ क | १८ न | क |
| रा | | थ | | १९ म | म | २० ता | | जी | |
| २१ सु | र | सा | | न्म | | २२ न | का | र | २३ ना |
| र | | २४ थ | र | थ | रा | ना | | | द |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

**कवायद** *दिल्ली में जी- 20 बैठक के तीन दिवसीय प्रतिबंध दिलाऐंगे लॉकडाउन की याद*

# केन्द्र व दिल्ली सरकार के दफ्तरों में बंदी के साथ सबकुछ बंद, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

■ **जोगोन्द्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)। दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर 8, 9 और 10 सितंबर को जनता कर्फ्यू से लोगों को एक बार फिर कोरोनो काल के लॉकडाउन की याद ताजा होंने वाली है। क्योंकि इन दिनों के लिए दिल्ली सरकार से लेकर केन्द्र सरकार के दिल्ली में सभी दफ्तर बंद रहेंगे। दिल्ली सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।**

इन तीन दिनों में स्कूल–कॉलेज, दफ्तर, मार्केट से लेकर बहुत सारी चीजें बंद रहेंगी। खासकर लुटियंस दिल्ली के आसपास तो सबकुछ बंद रहेगा। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आज शुक्रवार को जो एडवाइजरी जारी की है उससे भी साफ है कि तीन दिनों में दिल्ली की सड़कें भी खाली दिखने वाली हैं। पुलिस ने एडवाइजरी में बताया है कि किन सड़कों पर रोक रहेगी और कहां



■ इन तीन दिनों में स्कूल-कॉलेज, दफ्तर, मार्केट से लेकर बहुत सारी चीजें बंद रहेंगी

आप चल सकते हैं। लॉकडाउन की तरह जरूरी सेवाओं पर कोई रोक नहीं होगी और मेडिकल इमरजेंसी वाले वाहनों पर पूरी दिल्ली में बिना रोक के आ और जा सकेंगे। दूसरे राज्यों के लिए गुजरने वाले वाहनों को ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे या अन्य वैकल्पिक रूट पर डायवर्ट किया जाएगा। ऐसे वाहनों को दिल्ली में एंट्री नहीं दी जाएगी। मालवाहक वाहनों (ट्रक या छोटे वाहन) को दिल्ली में एंट्री नहीं दी जाएगी। हालांकि, दूध, सब्जी, फल, मेडिकल सप्लाई देने वाले बड़े वाहनों को छूट रहेगी। दूसरे राज्यों से आ रही बसों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति तो दी जाएगी। ऐसी सभी बसों को रिंग रोड पर ही रुकना होगा। दिल्ली में पहले से मौजूद बसें रिंग रोड और रिंग रोड से आगे दिल्ली की सीमाओं की ओर सड़क नेटवर्क पर चलेंगी। इन बसों को दिल्ली से बाहर जाने की परमिशन होगी।

टैक्सियों को नई दिल्ली जिले के बाहर सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति होगी। साथ ही नई दिल्ली जिले के अंदर स्थित होटलों में बुकिंग वाले लोगों को ले जाने वाली टैक्सियों को नई दिल्ली जिले के अंदर सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति होगी। 8–10 सितंबर के बीच दिल्ली के सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी लेकिन खान मार्केट, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन 9 सितंबर को 5 बजे सुबह से लेकर 10 सितंबर रात 11 बजे तक बंद रहेगा। नई दिल्ली की ओर आने वाले सभी मार्ग बंद रहेंगे। केवल एयरपोर्ट, नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशनों तक यात्रियों की आवाजाही की परमिशन होगी। जरूरी चीजों के लिए जांच के बाद ही अनुमति दी जाएगी।

# खेल जगत

## रोहित विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनेंगे : सहवाग



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कप्तान रोहित शर्मा को विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में चुना। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय पिचें सलामी बल्लेबाज को बहुत अच्छी सतह प्रदान करती हैं और उनके पास सलामी बल्लेबाज के रूप में शानदार रिकॉर्ड है। आईसीसी के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, सहवाग से विश्व कप 2023 में अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी की भविष्यवाणी करने के लिए कहा गया था, और उन्होंने भारत के रोहित शर्मा को चुना। वीरेंद्र सहवाग ने कहा, भारत को अच्छे विकेट मिले हैं, इसलिए मुझे लगता है कि सलामी बल्लेबाजों को अच्छे मौके मिलेंगे। अगर मैं किसी एक को चुनना चाहता हूं तो मुझे लगता है कि रोहित शर्मा। कुछ नाम हैं, लेकिन मैं भारतीय हूं और मुझे किसी भारतीय को चुनना चाहिए, इसलिए रोहित शर्मा।

# नंबर चार के लिए बिल्कुल सही हैं विराट : डिविलियर्स



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि विराट कोहली को भारत की एकदिवसीय विश्व कप टीम में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल हाल ही में चोट से उबरकर एशिया कप स्क्वाड में शामिल हुए हैं, जिसके कारण भारत का मध्यक्रम अस्थिर है। अगर इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी पूरी तरह फिट नहीं होता, या फॉर्म हासिल नहीं कर पाता तो बल्लेबाजी क्रम में चौथा पायदान भारत के लिये बड़ी चिंता बन सकता है।

डिविलियर्स का मानना है कि अगर भारत के सामने यह समस्या आती है तो वनडे क्रिकेट में नंबर तीन पर खेलने वाले कोहली को एक पायदान नीचे उतर जाना चाहिये। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में कोहली की टीम के साथी रहे डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हम अब भी भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज की बात कर रहे हैं। मैंने कुछ बातें सुनी हैं कि विराट वह स्थान ले सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो मैं उसका समर्थन करूंगा।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विराट नंबर चार के लिये बिल्कुल सही हैं। वह पारी को संवार सकते हैं, मध्यक्रम में किसी भी तरह की भूमिका निभा सकते हैं। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा करना चाहेंगे या नहीं। हम जानते हैं कि उन्हें अपना नंबर तीन स्थान पसंद है। उन्होंने अपने ज्यादातर रन वहीं बनाए हैं, लेकिन अगर टीम को आपसे कुछ करने, एक निश्चित भूमिका निभाने की जरूरत है, तो आपको अपना हाथ आगे बढ़ाना होगा। गौरतलब है कि एशिया कप स्क्वाड की घोषणा करते हुए रोहित ने टीम में लचीलेपन की मांग की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि वरिष्ठ खिलाड़ी अपनी-अपनी जगह पर बने रहेंगे। अपनी पीठ की सर्जरी करवाकर टीम में वापस आये अय्यर नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के सबसे प्रबल दावेदार हैं, हालांकि कोहली को पहले भी इस भूमिका में बड़ी सफलता मिली है। नंबर चार पर खेलते हुए कोहली सात शतक बनाने में सफल रहे हैं, जबकि उनका औसत 55.21 और स्ट्राइक रेट 90.66 रहा है। वह आखिरी बार जनवरी 2024 में नंबर चार पर खेले थे। अलूर में भारत के एशिया कप प्रशिक्षण शिविर में अय्यर के अच्छे प्रदर्शन ने भारतीय मध्यक्रम में स्थिरता का अंदेशा दिया है, हालांकि केएल राहुल की फिटनेस अभी भी चिंता का विषय है और वह 30 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में कम से कम दो मैचों से बाहर रह सकते हैं।

## बाबर में दिखती है कोहली की झलक : मूडी

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा है कि उन्हें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म में भारतीय दिग्गज विराट कोहली की झलक दिखती है। मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, वह मुझे काफी हद तक विराट कोहली की याद दिलाते हैं। वह जिस तरह से पारंपरिक क्रिकेट शॉट खेलते हैं। ऐसा लगता है कि वह खेल को बहुत अच्छे से समझते हैं, पढ़ते हैं, जो कोहली ने एक दशक से अधिक समय से किया है। वह रनों की पीछा भी बहुत अच्छी तरह करते हैं, जैसा कि विराट कोहली कई वर्षों से करते आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, दोनों के बीच बहुत समानताएं हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि विराट का एशिया कप बाबर आजम से बेहतर होगा, लेकिन उन दोनों पर समान दबाव हो सकता है और उन्हें देखने में मजा आयेगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी बाबर की सराहना की, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय तक अपने प्रदर्शन को बरकरार रखना कोहली और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों को महान बनाता है।

मांजरेकर ने कहा, तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का करियर लगभग 10-15 साल तक चला है और जब भी कोई उभरता हुआ सितारा आता है, तो उसकी तुलना इन खिलाड़ियों से की जाती है, जो लंबे समय तक दौड़ में रहे हैं। कभी-कभी यह थोड़ा अनुचित हो सकता है लेकिन इन दोनों लोगों की महानता यह है कि वे एक उभरते हुए खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के स्तर की क्रिकेट लंबे समय तक खेलते हैं। बाबर और कोहली दो सितंबर को भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच में आमने-सामने होंगे। अगर भारत और पाकिस्तान टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचते हैं तो दोनों टीमें तीन बार एक-दूसरे से भिड़ सकती हैं। इस बीच, मूडी ने कहा कि बाबर कप्तानी के बढ़ते दबाव से भी जूझ रहे हैं और समय के साथ वह बेहतर होते जायेंगे। मूडी ने कहा, किसी भी एशियाई टीम की कप्तानी बहुत मुश्किल होती है। लोग छोटी-छोटी बातों पर नज़र रखते हैं। जब आप कोई ऐसा कदम उठाते हैं जो शायद उस समय सही न हो तो अचानक बहुत सारे विशेषज्ञ आप पर उंगली उठाने लग जाते हैं। मुझे लगता है कि वह अभी भी कप्तानी के बढ़ते दबाव से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, वह लगातार बेहतर होते जाएंगे। उनके आसपास कई अनुभवी खिलाड़ी भी हैं जो कप्तानी की भूमिका निभा चुके हैं, चाहे वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट में हो या उनके घरेलू क्रिकेट में। मुझे यकीन है कि वह उनका लाभ उठाएंगे।

# अपने परिवारजनों के सामने मलेशिया के खिलाफ अपना पहला गोल करना हमेशा याद रहेगा : कार्ति

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली। तमिलनाडु के 21 वर्षीय नौजवान स्ट्राइकर सेल्वम कार्ति ने इस महीने के शुरू में अपने घर चेन्नै में अपने माता पिता सहित अपने माता-पिता के सामने भारत के लिए पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में गोल कर अपनी खास छोड़ी। यह पहला मौका था जब कार्ति के माता-पिता ने उन्हें पहली बार स्टेडियम में खेलते देखा था। भारत ने मलयेशिया को फाइनल में 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत नया इतिहास रच दिया था। कार्ति ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी भारत के लिए पहला मलयेशिया के खिलाफ टीम की लीग मैच में 5-0 से जीत में किया था। कार्ति ने पहले क्वार्टर में भारत के लिए जैसे ही यह गोल किया था तो पूरा स्टेडियम दर्शकों की करतल ध्वनि से गूंज उठा था। सेल्वम कार्ति मलयेशिया के खिलाफ मैच में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए दागे पहले को याद करते हुए कहते हैं, %मुझे एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मलयेशिया के खिलाफ मैच में भारत के लिए पहला गोल करना हमेशा याद रहेगा।

अपने परिवारजनों के सामने यह भारत के लिए खेलते हुए यह मेरा पहला गोल था। मेरे परिवारजन पहली बार मुझे पहली मैदान में भारत के लिए हॉकी खेलता देख रहे थे। मलयेशिया के खिलाफ लीग मैच में खेलते हुए भारत के लिए गोल करने के बाद मैंने अपने माता-पिता की ओर देखा सभी के चेहरे पर आई इस मुस्कुराहट ने मेरे लिए इस गोल को सार्थक बना दिया। मुझे अपना भारत के लिए अपने दर्शकों के सामने यह पहला गोल हमेशा याद रहेगा और मेरे दिल के भी बेहद करीब रहेगा। इससे मेरा मैदान पर बहाया पसीना,मेरे परिवार द्वारा मेरे भारत के लिए हॉकी खेलने के सपने को पूरा करने की कुर्बानी सभी सार्थक कुछ याद हो गया। मेरे लिए यह क्षण मेरे दिल के वाकई करीब रहेगा।

सेल्वम कार्ति बताते हैं, जब यह घोषणा हुई की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी मेरे चेन्नै के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम के घरेलू मैदान पर होगी तो मैं बेहद खुश हुआ था,। उसी स्टेडियम में अपने घरेलू स्टेडियम में भारत के लिए खेलने का मौका मिलने की बात सुनकर ही मैं रात भर सो ही नहीं पाया था। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चेन्नै में मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में भारत के लिए खेलने उतरने से पहले मैं इसी मैदान पर 2016 में स्कूली छात्र के रूप में खेला था। इसके बाद इस मैदान पर भारत के लिए इतने बड़ी तादाद में दर्शकों के सामने हॉकी खेलने उतरना खास था। मेरे लिए इस मैदान पर भारत के लिए पहली बार खेलने उतरना वाकई अविश्वसनीय था। मैं वाकई तमिलनाडु में राज्य भर से आए मेरा मैच देखने आए सभी प्रशंसकों का आभारी हूं। सेल्वम कार्ति ने सीनियर भारतीय हॉकी टीम के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज 2022 में जकार्ता में एशिया कप में किया और उसके बाद से अब वह सीनियर भारतीय हॉकी टीम में अपनी पक्की जगह बनाने में जुटे है। वह बताते हैं, %एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम की खिताबी जीत ने मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ाया है और इसने मुझे और कड़ी मेहनत कर फिर मुझे भारत की जर्सी में खेलने का विश्वास भरा है।

# ब्रूक के लिए बंद नहीं हुए वनडे विश्व कप के दरवाजे

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड के सीमित ओवर कप्तान जॉस बटलर ने अंदेशा जताया है कि युवा प्रतिभावान बल्लेबाज हैरी ब्रूक के लिये अभी टीम के दरवाज़े बन्द नहीं हुए हैं और वह एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आने वाली टीम का हिस्सा हो सकते हैं। गौरतलब है कि अनुभवी हरफनमौला बेन स्टोक्स के संन्यास वापस लेने के कारण ब्रूक न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिये चुनी गयी स्क्वाड में जगह नहीं बना सके। ब्रूक जनवरी 2022 में इंग्लैंड के लिये पदार्पण करने के बाद से तीनों प्रारूपों में प्रभावशाली प्रदर्शन कर चुके हैं, हालांकि स्टोक्स की वापसी ने समीकरण बदल दिये हैं।

बटलर ने कहा,बेन स्टोक्स का वापस आना और सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर (विश्व कप के लिये) उपलब्ध रहना काफी हद तक समीकरण बदल देता है। बेन एक शानदार खिलाड़ी हैं, इसलिये चयन का यह फैसला थोड़ा कठिन था। उन्होंने कहा,अभी सबके प्लेन में चढ़ने में समय है, इसलिये हम इंतज़ार करेंगे और देखेंगे कि क्या होता है। विश्व कप से लगभग बाहर होने के बाद ब्रूक ने कहा था,यह साफ तौर पर निराशाजनक है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं किया जा सकता। आपको आगे बढ़ना ही होगा। मैं उसके बारे में नहीं सोच रहा।

ब्रूक ने हाल ही में इंग्लैंड के अनूठे टूर्नामेंट 'द हंड्रेड' में 41 गेंद पर शतक जड़कर अपनी काबिलियत का प्रमाण दिया। उन्होंने नॉर्थर सुपरचार्जर्स की ओर से खेलते हुए 42 गेंद पर नाबाद 105 रन बनाये, जिसमें 11 चौके और सात छक्के शामिल रहे। बटलर ने कहा,हम सभी जानते हैं कि हैरी एक शानदार खिलाड़ी है और हमने देखा भी क्या वह क्या कर सकता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, हम जानते हैं कि वह कितना शानदार खिलाड़ी है। दुर्भाग्यशाली से वह इस समय टीम में नहीं है।

# पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जाएंगे बिन्नी, शुक्ला





**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एशिया कप की मेजबानी के उपलक्ष्य में पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जायेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से शनिवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष ज़का अशरफ़ ने 15 अगस्त को बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को निमंत्रण भेजा था। बीसीसीआई सहित भाग लेने वाली टीमों के सभी शीर्ष बोर्ड सदस्यों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है। दो सितंबर को श्रीलंका के पाल्लेकेले स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच के एक या दो दिन बाद बिन्नी और राजीव शुक्ला वाघा बॉर्डर होते हुए लाहौर जायेंगे, जहां वे एक रात्रिभोज में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों में दोनों बोर्ड कई विषयों पर एक-दूसरे से बरहम रहे हैं, हालांकि पीसीबी ने हाल ही में अपनी टीम को एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आने की मंज़ूरी देकर तनाव कम करने की ओर कदम बढ़ाया था।

रिपोर्ट के अनुसार, इस यात्रा पर संबंधित बोर्ड प्रमुखों के बीच कोई आधिकारिक बैठक नहीं होने वाली है। बिन्नी और शुक्ला अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान तीन या पांच सितंबर को गद्दाफी स्टेडियम में एक मैच भी देख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाने से मना किया था, जिसके कारम पीसीबी को एशिया कप के 13 में से चार मैचों की मेजबानी ही दी गयी है। कई महीनों की तनातनी के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाले एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट आयोजित करने पर सहमति जताई थी, जिसके तहत भारत अपने सभी एशिया कप मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो वे एक-दूसरे से इस टूर्नामेंट के दौरान तीन बार भिड़ सकती हैं।

# भारत ने 14 पदकों के साथ विश्व चैंपियनशिप को कहा अलविदा



**बाकू,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने निशानेबाज़ी विश्व चैंपियनशिप 2023 में छह स्वर्ण और आठ कांस्य सहित 14 पदक जीतकर अपने शानदार अभियान का अंत किया। ओलंपिक और गैर-ओलंपिक नियमित शूटिंग प्रतियोगिताएं शुक्रवार को संपन्न हुईं। चैंपियनशिप में रनिंग स्पर्धाएं 31 अगस्त तक जारी रहेंगे लेकिन इनमें कोई भारतीय भाग नहीं लेगा। वर्तमान में भारतीय शूटिंग टीम कुल पदक तालिका में चीन (15 स्वर्ण, सात रजत, छह कांस्य) के बाद दूसरे स्थान पर है। पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित आठ पदक जीतकर अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

चार भारतीय निशानेबाज़ों ने चैंपियनशिप के दौरान पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये भी क्वालीफाई किया। राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), सिफ्त कौर समरा (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), अखिल श्योराण (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन) और मेहुली घोष (महिला 10 मीटर एयर राइफल) ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में ओलंपिक कोटा हासिल किया। तियाना, साक्षी सूर्यवंशी और किरणदीप कौर की 50 मीटर पिस्टल महिला टीम ने शुक्रवार को स्वर्ण पदक के साथ भारत का अभियान समाप्त किया। अमनप्रीत सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि शिव नरवाल और ईशा सिंह ने मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण हासिल किया। रिदम सांगवान, ईशा सिंह और मनु भाकर की भारतीय महिला तिकड़ी ने महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और अखिल श्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 टीम स्पर्धा में, जबकि मेहुली घोष तिलोत्तमा सेन और रमिता ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किये।

# महिला हॉकी में मलेशिया पर भारत की बड़ी जीत



■ भारत की जीत में कप्तान नवजोत और मोनिका टोपो के दो-दो गोल

**नई दिल्ली।** कप्तान आक्रामक मिडफील्डर नवजोत कौर और मोनिका दीपि टोपो के दो-दो तथा अक्षता ढेकले, मरियाना कुजूर और महिमा चौधरी के एक-एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को ओमान में महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर के इलीट ग्रुप मैच में में 7-2 से करारी शिकस्त दी। पराजित मलयेशिया की ओर से वानवान और अजीत जाफरिया ने एक-एक गोल किया। भारत की महिला हॉकी टीम अब अपने अहम अगले मैच में जापान से भिड़ेगी।

नवजोत कौर और मरियाना कुजुर की अगुआई में भारत की महिला हॉकी टीम ने मलयेशिया के खिलाफ आक्रामक अंदाज में आगाज किया। नवजोत कौर ने तीसरे ही मिनट में गोल कर भारत की महिला हॉकी टीम का खाता खोला और अगले ही मिनट अक्षता ढेकले ने मैदानी गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी।वान वान ने सातवें और अजीत जाफरिया ने 11 वें मिनट में गोल कर मलयेशिया को दो - दो गोल की बराबरी दिला दी। मोनिका दीपि टोपो ने अगले ही मिनट में गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 3-2 से आगे कर दिया। मरियाना कुजुर ने दूसरे हाफ के दूसरे और तीन मिनट बाद मोनिका दीपि टोपो ने मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत की बढ़त 5-2 कर दी। कप्तान नवजोत कौर ने खेल खत्महोने से दो मिनट पहले अपना दूसरा गोल कर तथा अगले ही क्षण महिमा चौधरी ने बेहतरीन गोल कर भारत को 7-2 से आगे कर उसकी जीत पक्की कर दी।

## सार संक्षेप

### आईपीएल के बाद दूसरे स्थान पर हो सकता है इंग्लैंड का द हंड्रेड : सैम करेन

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज ऑलराउंडर सैम करेन को लगता है कि द हंड्रेड निश्चित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद फ्रेंचाइजी क्रिकेट सर्किट में दूसरा सबसे अच्छा टूर्नामेंट है।करेन रविवार को अपनी टीम ओवल इनविंसिबल्स के लिए द हंड्रेड के फाइनल में खेलेंगे। वह दक्षिण अफ्रीका में एसए20 के उद्घाटन संस्करण में एमआई केप टाउन का प्रतिनिधित्व करने के अलावा, आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ-साथ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खेल चुके हैं। मुझे लगता है कि खिलाड़ी इस प्रारूप के अधिक आदी हो गए हैं, और टीमें तीन वर्षों में काफी स्थिर रही हैं, इसलिए वे प्रशंसकों के लिए परिचित चेहरे हैं। अच्छी भीड़, अच्छी पिचें, बहुत सारे करीबी मुकाबले... हमें शानदार समर्थन मिला है। इंग्लैंड सभी बड़े मैदानों के साथ क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है और निश्चित रूप से यह आईपीएल के बाद दूसरे स्थान पर हो सकता है। द टेलीग्राफ ने करेन के हवाले से कहा, हमारे पास जो भी घरेलू प्रतिभा है, वह हमें वैसे भी हासिल करनी चाहिए। इंग्लैंड के पास सफेद गेंद के बहुत सारे शानदार खिलाड़ी हैं और इसने इसे एक महान प्रतियोगिता बना दिया है। उम्मीद है कि यह इसे बड़ा और बेहतर बना सकता है। करेन पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे।

### लायल्स ने बोल्ट की डबल उपलब्धि को दोहराया

**बुडापेस्ट।** युलिमार रोजस और हारुका कितागुची दोनों ने अपने अंतिम प्रयासों के साथ विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीत हासिल की, जबकि नोआ लायल्स ने यहां अपने 100 मीटर के ताज में 200 मीटर का खिताब जोड़ा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुरुषों के 200 मीटर फ़ाइनल में, अमेरिकी लायल्स ने 19.52 सेकंड में इस दूरी में अपना लगातार तीसरा विश्व खिताब जीता और 2015 में जमैका के दिग्गज यूसेन बोल्ट के बाद विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर और 200 मीटर युगल जीतने वाले पहले धावक बन गए। लायल्स के टीम साथी एरीयोन नाइटन ने 19.75 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, जबकि बोत्सवाना के लेट्साइल टेबू 19.81 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। लायल्स ने कहा, यह जानकर बहुत अच्छा लग रहा है कि मैंने कुछ ऐसा किया है।

# एक्सलसन को हराकर विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रणय



**कोपनहेगन।** भारत के शीर्ष पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पिछड़कर वापसी करते हुए गत विश्व चैंपियन विक्टर एक्सलसन को 2-1 से मात दी। दुनिया के नौंवे नंबर के शटलर प्रणय ने एक घंटे आठ मिनट तक चली कांटे की टक्कर में विश्व के नंबर एक एक्सलसन को 13-21, 21-15, 21-16 से हराकर न सिर्फ सेमीफाइनल में प्रवेश किया, बल्कि अपने लिये कम से कम कांस्य पदक भी पक्का कर लिया। यह विश्व चैंपियनशिप में प्रणय का पहला पदक होगा।

दूसरी ओर, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी डेनमार्क के किम एस्ट्रप और एंडर्स रासमुसेन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। साल 2022 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी इस बार क्वार्टरफाइनल की बाधा पार नहीं कर सकी। रासमुसेन-एस्ट्रप ने 48 मिनट चले मुकाबले में भारतीय युगल को 21-18, 21-19 से हराया। डेनमार्क के एक्सलसन ने घरेलू दर्शकों के सामने मुकाबले की दमदार शुरुआत की और अपनी लंबी कदकाठी का फायदा उठाते हुए पहले गेम में तेज़ी से 10-3 की बढ़त बना ली। प्रणय ने दो अंक अपने पक्ष में किये लेकिन ज़ोरदार स्मैश खेलकर एक्सलसन ने छह अंक की बढ़त के साथ ब्रेक में प्रवेश किया।

ब्रेक के बाद प्रणय ने लंबी रैलियां खेलकर अपने प्रतिद्वंदी की बढ़त 11-15 तक कम की, हालांकि दो बार के विश्व चैंपियन एक्सलसन ने जल्द ही अपनी लय हासिल की और लगातार पांच अंक स्कोर करते हुए 21-13 से पहला गेम जीत लिया।

मलेशिया मास्टर्स 2023 के चैंपियन प्रणय ने दूसरे गेम में भी लंबी रैलियों की योजना बरक़रार रखी और उन्हें इसका फायदा भी मिला। इस गेम में एक्सलसन तेज़ स्मैश नहीं खेल सके जबकि भारतीय शटलर ने 11-9 की बढ़त के साथ ब्रेक में प्रवेश किया।

ब्रेक के बाद एक्सलसन की अप्रत्याशित गलतियों से प्रणय ने 17-10 की बढ़त बनायी और धैर्य के साथ 21-15 पर गेम को खत्म किया।

निर्णायक गेम में प्रणय अपनी योजना पर टिके रहे लेकिन एक्सलसन ने अपनी लंबी कदकाठी का प्रयोग कर उन्हें कोर्ट के दोनों छोरों पर चुनौती दी। प्रणय गेम के शुरुआती चरण में एक्सलन की आक्रामकता के आगे संघर्ष करते हुए नज़र आये, हालांकि स्कोर 5-5 पर बराबर रहा। प्रणय ने इसके बाद तेज़ वापसी की और पलक झपकते ही ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। उन्होंने ब्रेक के बाद भी एक्सलसन को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया और 20-15 पर मैच पॉइंट हासिल कर लिया। प्रणय का एक शॉट कोर्ट के बाहर जा गिरा, लेकिन अगले शॉट पर एक्सलसन की गलती से भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया।

इससे पूर्व, विश्व की नंबर दो जोड़ी सात्विक-चिराग ने इससे पहले रासमुसेन-एस्ट्रप को छह में से पांच बार हराया था, हालांकि घरेलू दर्शकों के सामने डेनमार्क की इस जोड़ी ने मज़बूत शुरुआत की। सात्विक-चिराग की अप्रत्याशित गलतियों की बदौलत रासमुसेन-एस्ट्रप ने ब्रेक तक 11-6 की मज़बूत बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी की कोशिशों के बावजूद रासमुसेन-एस्ट्रप पहला गेम 21-18 से जीतने में सफल रहे। मेज़बान जोड़ी का आक्रामक रवैया दूसरे गेम में भी बरक़रार रहा और उन्होंने इस बार ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद सात्विक-चिराग के बीच अधिक समन्वय देखने को मिला। भारतीय जोड़ी जब 14-10 से पीछे थी तब उन्होंने अगले पांच में से चार पॉइंट अपने पक्ष में करते हुए स्कोर 15-15 पर बराबर कर लिया।

मेज़बान युगल ने एक पॉइंट की बढ़त ली लेकिन सात्विक ने नेट पर अपने विपक्षियों से गलती करवाते हुए स्कोर बराबर रखा। भारतीय जोड़ी ने इस समय तक अच्छी वापसी की थी लेकिन एस्ट्रप-रैसमुसन ने अधिक अनुशासन दिखाकर 18-16 की बढ़त बनायी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। पुरुष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अब विश्व चैंपियनशिप में एकमात्र भारतीय बचे हैं। वह आज गत विश्व चैंपियन विक्टर एक्सलसन के खिलाफ कोर्ट पर उतरेंगे।

## सुडोकू 6298 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

| SENSEX | | | |
|---|---|---|---|
| BSE | 65252.34 ▼ | 180.96 | |
| NSE | 19386.70 ▼ | 57.30 | |
| MCX | Gold | 58640 ▼ | 171 |
| | silver | 73627 ▼ | 59 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## एफपीआई ने अगस्त में 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** एफपीआई ने 26 अगस्त तक नकदी बाजार में 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है।अगस्त की शुरुआत में शुरू हुई एफपीआई बिक्री जारी है। समेकित एनएसडीएल डेटा से पता चलता है कि हालांकि 26 अगस्त तक एफपीआई का निवेश 10,689 करोड़ रुपये है। लेकिन इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार और थोक सौदों के माध्यम से निवेश शामिल है, जो हाल ही में गति पकड़ रहा है। नकदी बाजार में एफपीआई ने 26 अगस्त तक 15,817 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।



## एचसीएल कंपनी को मिला 19000 करोड़ रुपये का काम, सरकार खरीदेगी 5 बड़े जहाज

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को एक बड़ा ऑर्डर मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर केंद्र सरकार की तरफ से मिला है। इस कॉन्ट्रैक्ट में हिंदुस्तान शिपयार्ड से इंडियन नेवी के लिए 5 फ्लीट सपोर्ट शिप खरीदे जाने हैं। ऑर्डर की टोटल कॉस्ट 19000 करोड़ रुपये की है। इस ऑर्डर को लेकर हिंदुस्तान शिपयार्ड के साथ शुक्रवार को कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत हो गए हैं। सिक्योरिटी पर बनी कैबिनेट कमेटी ने 16 अगस्त 2023 को हुई मीटिंग में इन शिप्स को खरीदने की मंजूरी दी थी। देश में पहली बार ऐसे वेसल्स (जहाज) बनेंगे। भारतीय नौसेना के बेड़े की रणनीतिक पहुंच और मोबिलिटी बढ़ाने में ये जहाज अहम रोल निभाएंगे। इन फ्लीट सपोर्ट शिप्स का प्राथमिक काम समुद्र में नौसेना के जहाजों को सामान की लगातार आपूर्ति करना है। साथ ही, यह सुनिश्चित करना है कि नौसेना के जहाजों में पर्याप्त ईंधन, पानी, गोला-बारुद और स्टोर्स हो। रणनीतिक अहमियत के अलावा, यह जहाज मानवीय सहायता और आपदा राहत ऑपरेशंस में भी मददगार होंगे। साथ ही, किसी भी क्राइसिस के दौरान निकासी के लिए भी इन्हें तैनात किया जा सकता है। इस अहम प्रोजेक्ट से रोजगार की भी अच्छी संभावनाएं बनेंगी। इन जहाजों को बनाने में इक्विपमेंट और सिस्टम के बड़े हिस्से की सोर्सिंग घरेलू स्तर पर ही की जाएगी, ऐसे में यह आत्मनिर्भर भारत इनीशिएटिव का प्रतीक होंगे।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60400 चांदी टंच- 74300 चांदी रिफाइन -75500

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60400 चांदी टंच- 74300
चांदी रिफाइन -75500


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.64 |
| एक यूरो | 89.29 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.97 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.89 |
| एक जापानी येन | 0.56 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-118 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 65 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


### करोड़ों ग्राहकों को दी सौगात

# एसबीआई ने लॉन्च की नई स्कीम, पासबुक का झंझट हुआ खत्म



*__नई दिल्ली।__ देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक आफ इंडिया के करोड़ों ग्राहकों के लिए खुशखबरी है। एसबीआई ने एक नई स्कीम लॉन्च की है जिसके माध्यम से ग्राहक सोशल सिक्योरिटी स्कीम में सिर्फ आधार कार्ड से ही अपना नामांकन कर सकेंगे।*

यानी कि अब ग्राहकों को इसके लिए पासबुक लेकर नहीं जाना पड़ेगा। स्कीम के लॉन्च मौके पर एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खारा ने एक कस्टमर सर्विस प्वाइंट का अनावरण किया जहां पर ग्राहकों को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही लॉन्चिंग के मौके पर दिनेश खारा ने कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग के लोगों को सशक्त बनाना और उन्हें वित्तीय सुरक्षा तक पहुंच प्रदान करना है।

**आप पासबुक की जरूरत नहीं पड़ेगी** - इस स्कीम के लॉन्च होते ही एसबीआई के ग्राहकों को अब सोशल सिक्योरिटी स्कीम जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसे स्कीम्स में नामांकन करने के लिए सिर्फ आधार कार्ड की जरूरत होगी। यानी कि अब उन्हें बैंक द्वारा लॉन्च किए गए कस्टमर सर्विस प्वाइंट पर पासबुक ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एसबीआई की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इससे नामांकन प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने में मदद मिलेगी।

**देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है एसबीआई** - बता दें कि भारतीय स्टेट बैंक प्रॉपर्टी, सेविंग, ब्रांचेज, कस्टमर्स और स्टाफ के मामले में देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है। जून, 2023 तक बैंक का डिपॉजिट बेस 45.31 लाख करोड़ रुपये था। दूसरी ओर होम लोन में स्टेट बैंक आफ इंडिया का मार्केट शेयर 33.4 पर्सेंट जबकि होम लोन में 19.5 पर्सेंट है। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को एसबीआई के शेयर बीएसई पर 570.25 रुपये पर बंद हुए।

## सीतारमण ने ब्रिटेन की व्यापार मंत्री से निवेश और एफटीए पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय निवेश और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच की यहां मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने आपसी हितों के द्विपक्षीय निवेश और व्यापार मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय के मुताबिक बैठक के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और भारत-ब्रिटेन बीआईटी पर जारी बातचीत को जल्द नतीजे तक ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले सीतारमण ने यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष वी. डोम्ब्रोव्स्की से भी मुलाकात की।

# सीबीडीटी ने लॉन्च की आयकर विभाग की संशोधित वेबसाइट

### मेगा मेन्यू के साथ मिलेंगी कई नई सुविधाएं

*__नई दिल्ली।__ केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने टैक्सपेयर्स को नई तकनीक के साथ तालमेल बनाने और अनुभव को बढ़ाने के लिए आयकर विभाग की संशोधित नेशनल वेबसाइट www.incometa&india.gov.in लॉन्च की है. यह टैक्सपेयर्स को नई सुविधाओं से जोड़ने के साथ ही मेगा मेन्यू का विकल्प देगी, जिसके तहत यूजर्स को कई सारे विकल्प मेन्यू में ही मिल जाएंगे.नई वेबसाइट को मोबाइल रेस्पॉन्सिव लेआउट के अनुसार डिजाइन किया गया है.*

आयकर विभाग की संशोधित वेबसाइट यूजर्स को विभिन्न अधिनियमों की तुलना करने की अनुमति देती है. इसके अलावा, एक्स्ट्रा और नए बटन भी पेश किया गया है. आयकर विभाग की संशोधित नेशनल वेबसाइट को फ्रेंडली इंटरफेस, वैल्यू एडेड सर्विसेज और नए मॉड्यूल के साथ नया रूप दिया गया है.नई संशोधित वेबसाइट उदयपुर में आयकर निदेशालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने लॉन्च किया. यह वेबसाइट टैक्स और अन्य संबंधित जानकारी के व्यापक भंडार के रूप में कार्य करती है.

**रिटर्न फाइल करने में होगी आसानी** - यह डायरेक्ट टैक्स कानूनों, कई अन्य संबंधित अधिनियमों, नियमों, आयकर परिपत्रों, सभी क्रॉस-रेफर्ड, हाइपरलिंक्ड और अधिसूचनाओं तक पहुंच प्रदान करता है. यह साइट एक टैक्सपेयर्स सर्विस मॉड्यूल भी देती है, जिसमें टैक्सपेयर्स को उनके आयकर रिटर्न दाखिल करने में सहायता करने के लिए टैक्स उपकरण उपलब्ध हैं. वेबसाइट पर आने वाले लोगों की सुविधा के लिए इन सभी नई सुविधाओं को वर्चुअल टूर और नए बटन संकेतों के जरिए समझाया गया है.



**कई नियमों और सेंक्शन की कर सकेंगे तुलना**-टैक्सपेयर्स के काम को और आसान बनाने के लिए इस वेबसाइट पर नए फंक्शन, यूजर्स को कई सेक्शन, नियमों और टैक्स रिलेटेड चीजों की तुलना करने की अनुमति देती हैं।

## भारतीय रियल एस्टेट बाजार 2047 तक बढ़कर 5,800 अरब डॉलर का हो जाएगा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कारोबारियों की संस्था नारेडको और संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने शुक्रवार को इंडिया रियल एस्टेट - विजन 2047 नाम से एक रिपोर्ट जारी की। भारतीय रियल एस्टेट बाजार का आकार 2047 तक 12 गुना से अधिक होकर 5,800 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। पिछले साल यह आंकड़ा 477 अरब अमेरिकी डॉलर का था। नारेडको-नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी देने के साथ ही बताया गया कि यह क्षेत्र कुल आर्थिक उत्पादन में 15 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगा। रियल एस्टेट कारोबारियों की संस्था नारेडको और संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने शुक्रवार को 'इंडिया रियल एस्टेट- विजन 2047' नाम से एक रिपोर्ट जारी की।



रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र का आकार 2047 तक बढ़कर 5,800 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। इसके साथ ही रियल एस्टेट क्षेत्र की कुल आर्थिक उत्पादन में हिस्सेदारी बढ़कर 15.5 प्रतिशत जो जाएगी, जो इस समय 7.3 प्रतिशत है। भारत 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे करेगा, उस समय देश की अर्थव्यवस्था का आकार 33,000 अरब अमेरिकी डॉलर और 40,000 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच हो सकता है। नारेडको इंडिया के अध्यक्ष राजन बंदेलकर ने कहा कि 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि में रियल एस्टेट का अहम योगदान होगा। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि आबादी संबंधी लाभ, व्यापार और निवेश भावनाओं में सुधार, और सरकार की नीतियों से रियल एस्टेट क्षेत्र को समर्थन मिलेगा।

# कीमतों को काबू में रखने की कोशिश, सरकार ने किसानों से 4 दिन में खरीदा 2800 टन प्याज

*__नई दिल्ली.__ भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ ने शनिवार को कहा कि उसने पिछले चार दिनों में किसानों से सीधे 2,826 टन प्याज खरीदा है. यह खरीद 2,410 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हुई. सरकार ने इस साल प्याज के बफर स्टॉक का लक्ष्य तीन लाख टन से बढ़ाकर पांच लाख टन कर दिया है.*

घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए निर्यात पर अंकुश लगाने के बीच सरकार चाहती है कि किसान घबराहट में बिक्री न करें. इसलिए दो सहकारी समितियों- एनसीसीएफ और एनएएफईडी को किसानों से सीधे एक लाख टन प्याज खरीदने का आदेश दिया गया है. दोनों सहकारी समितियां सरकार के बफर स्टॉक को थोक और खुदरा बाजार में बेच रही हैं. प्याज के दाम इस समय दिल्ली और अन्य शहरों में गुणवत्ता के आधार पर 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक हैं.

**किसानों से सीधे खरीद** - एनसीसीएफ के प्रबंध निदेशक एनीस जोसेफ चंद्रा ने मीडिया को बताया कि सहकारी समिति ने 22 अगस्त को महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में किसानों से सीधे खरीद शुरू की. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में लगभग 12-13 खरीद केंद्र खोले गए हैं और मांग के आधार पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी. चंद्रा ने कहा, पिछले चार दिनों में हमने लगभग 2,826 टन प्याज खरीदा. ज्यादातर खरीद महाराष्ट्र से हुई है. कुल एक लाख टन खरीदने का लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि एनसीसीएफ किसानों से सीधे 2410 रुपये प्रति क्विंटल पर प्याज खरीद रहा है, जो मौजूदा थोक दर 1900-2000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक है.



**भारत ने लगाया निर्यात शुल्क** - प्याज की कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए सरकार ने इसी हफ्ते इसके निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगा दिया था. वित्त मंत्रालय के अनुसार, नया शुल्क 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा. इससे दुनियाभर में प्याज की कीमतों में तेजी की आशंका बढ़ गई है. गौरतलब है कि भारत में प्याज की कीमतें वार्षिक आधार पर 20 फीसदी तक बढ़ गई हैं. कीमतों को लेकर टमाटर जैसी स्थिति न पैदा हो इसलिए सरकार एहतियाती कदम उठा रही है. इसी बीच जुलाई में भारत की खुदरा मंहगाई दर एक बार फिर आरबीआई के संतोषजनक दायरे 6 फीसदी से बाहर निकलकर 7.44 फीसदी पर पहुंच गई है.

# सरकार ने बासमती चावल पर लगाया एमईपी, परबोइल्ड चावल पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क

*__नई दिल्ली।__ पंजाब और हरियाणा में अधिक बारिश और पूर्वी भारत में कम बारिश के कारण धान के उत्पादन पर संकट के बीच, सरकार ने देर रात एक अधिसूचना में परबोइल्ड चावल पर 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगा दिया है, जो कि 16 अक्टूबर से लागू होगा। माना जाता है कि वाणिज्य विभाग ने अलग से बासमती चावल पर 1200 डॉलर का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाने का आदेश भी जारी किया है जो 15 अक्टूबर तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया है कि एमईपी की समीक्षा अक्टूबर के पहले सप्ताह में की जाएगी।*

**निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क** - सरकार ने उसना चावल के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगाया है। ये कदम पर्याप्त घरेलू स्टॉक बनाए रखने और डोमेस्टिक कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए उठाया गया है।

**नॉन-बासमती चावल की सभी किस्मों पर प्रतिबंध** - बीते महीने डोमेस्टिक सप्लाई को बढ़ावा देने और रिटेल कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए नॉन-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में नॉन-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी लगभग 25 फीसदी है।



**भारत का बासमती चावल का कुल निर्यात 4.8 बिलियन डॉलर** - कीमत के हिसाब से 2022-23 में भारत का बासमती चावल का कुल निर्यात 4.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष की बात करें तो बीते साल नॉन-बासमती का निर्यात 6.36 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। वहीं भारत का चावल उत्पादन 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में बढ़कर 135.54 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 129.47 मिलियन टन था।

## अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के लिए काइनेटिक ग्रीन ने प्रदेश सरकार को दिये 200 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन

*__नई दिल्ली।__ इलेक्ट्रिक दो और तीन पहिया वाहनों मे भारत की अग्रणी निर्माता कम्पनी काइनेटिक ग्रीनएनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मध्यप्रदेश सरकार को 200 फ्लेक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रदान किये हैं।*



छात्रो तक वाहनों की डिलीवरी राज्य के नीमच, होशंगाबाद, टीकमगढ़, दमोह, मंदसौर, सतना, इंदौर, कटनी, सागर, उज्जैन, ग्वालियर, भोपाल और गुना जिलों में स्थित काइनेटिक ग्रीन के डीलर्स तथा जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से संभव हुई। इस अवसर के बारे में काइनेटिक ग्रीन कीसंस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी कहती हैं , मैं 12वीं कक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देती हूं । ये छात्र काइनेटिक ग्रीन फ्लेक्स की सवारी करेंगे इस बात से मैं सम्मानित महसूस कर रही हूँ । मुझे यह देखकर बेहद खुशी है कि नई पीढ़ी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आसानी से अपना रही है। इस शानदार पहल में भागीदार होने का अवसर देने के लिए मैं मध्य प्रदेश सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूँ। यह भारत में सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुझे उम्मीद है कि यह कार्यक्रम देश में अधिक से अधिक लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। काइनेटिक ग्रीन फ्लेक्स सुविधाजनक और कुशल सवारी के लिए डिज़ाइन किया गया हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है । एक बार चार्ज करने पर यह 120 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है, जिसकी वजह से यह शहरी क्षेत्र में चलाने के लिए बेहदउपयुक्त है । शहरी क्षेत्रों के नागरिकों के लिए काइनेटिक ग्रीन सच्चे अर्थों में भविष्य का वाहन है।

# बजाज फाइनेंस फिक्स्ड डिपॉजिट 50,000 करोड़ रुपये के पार

*__पुणे/मुंबई।__ भारत की लीडिंग और डाइवर्सिफाइड नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों में शामिल, बजाज फिनसर्व ग्रुप की कंपनी बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा है कि उसकी फिक्स्ड डिपॉजिट बुक ने 50,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।*

बजाज फाइनेंस में 5 लाख जमाकर्ता (डिपॉजिटर्स) हैं, हर जमाकर्ता ने 2.87 डिपॉजिट्स रखी हैं, यानी कुल मिलाकर 1.4 मिलियन डिपॉजिट्स हैं। बजाज फाइनेंस को अपने लॉन्ग टर्म डेट प्रोग्राम (दीर्घकालिक उधारी कार्यक्रम) के लिए क्रिसिल, इकरा,केयर और इंडिया रेटिंग्स से हाइएस्ट क्रेडिट रेटिंग,/स्टेबल, अपने शॉर्ट टर्म डेट प्रोग्राम (अल्पकालिक उधारी कार्यक्रम) के लिए क्रिसिल, इकरा और इंडिया रेटिंग्स से 1+ रेटिंग और अपने फिक्स्ड डिपॉजिट प्रोग्राम के लिए क्रिसिल और इकरा से, (स्टेबल) की रेटिंग मिली है। बजाज फाइनेंस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - फिक्स्ड डिपॉजिट एंड इन्वेस्टमेंट , सचिन सिक्का ने कहा कि हमने अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर लॉन्टर्म सेविंग्स समाधान पेश करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारे फिक्स्ड डिपॉजिट पोर्टफोलियो की तेज ग्रोथ रही है, जो पिछले 2 सालों में दोगुनी हो गई है। यह बजाज फिनसर्व ब्रांड में ग्राहकों के भरोसे, डिजिटल रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट की बुकिंग में आसानी और हमारी देशव्यापी उपस्थिति को दर्शाता है। बजाज फाइनेंस 44 महीने की अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर सबसे अधिक ब्याज दरों की पेशकश करता है, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8.60 प्रतिशत और अन्य के लिए 8.35 प्रतिशत सालाना है। 10 सालों में, कंपनी ने अपनी डिपॉजिट बुक (जमा बही) को 60 प्रतिशत सीएजीआर और जमाकर्ताओं की संख्या को 49 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ाया है। कंपनी फिक्स्ड डिपॉजिट पर 12 महीने की अवधि के लिए 7.40 प्रतिशत और 24 महीने के लिए 7.55 प्रतिशत की ब्याज दरें ऑफर कर रही है। 36 से 60 महीनों के लिए ब्याज दरें 8.05 प्रतिशत हैं। वरिष्ठ नागरिकों को इन दरों पर अतिरिक्त 0.25 प्रतिशथ की पेशकश की जाती है। बजाज फाइनेंस के 73 मिलियन ग्राहक हैं और इसके ऐप पर 40.2 मिलियन ग्राहक हैं। कंपनी अपने डिजिटल चैनलों के माध्यम से बड़ी संख्या में अलग अलग उम्र वर्ग के ग्राहकों को एफडी का चयन करते हुए देख रही है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# कटनी-शहडोल के बीच इंटरलाकिंग, नर्मदा, संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस से सहित 22 गाड़ियां रद्द



**जबलपुर, देशबन्धु।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पहले ही कई ट्रेनों को रद्द कर चुका है। वहीं अब 22 और ट्रेनों को रद्द किया गया है। जबकि दो ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। रेलवे की ओर से बताया गया कि कटनी- बिलासपुर रेल मंडल के शहडोल-रूपोंद सेक्शन में बधवाबारा रेलवे स्टेशन में तीसरी रेललाइन का विद्युतीकृत का कार्य के लिए नान इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। यह काम 2 से 8 सितंबर तक किया जाएगा।

**ये गाड़ियां रद्द-**

2 से 8 सितंबर तक 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

2 से 8 सितंबर तक 08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

2 से 8 सितंबर तक 08269 चिरिमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

2 से 8 सितंबर तक 08270 चंदिया रोड-चिरिमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

2 सिंतबर को 22830 शालीमार-भुज बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

5 सितंबर तक 22829 भुज-शालीमार बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

31 अगस्त से 7 सितंबर तक 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

3 से 10 सितम्बर तक 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

2 सितम्बर को 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

3 सितंबर को 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

6 सितम्बर को 20847 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

7 सितंबर को 20848 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

6 सितंबर को 20828 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

7 सितंबर को 20827 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

1 से 7 सितंबर तक 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

2 से 8 सितंबर तक 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

1 से 7 सितंबर तक 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद रहेगी।

2 से 9 सितंबर तक 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

1 से 7 सितंबर तक 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

2 से 8 सितंबर तक 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

1 से 7 सितंबर तक 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस कटनी एवं चिरमिरी के बीच रद्द रहेगी।

2 से 8 सितंबर तक 11752 चिरिमिरी-रीवा एक्सप्रेस चिरिमिरी एवं कटनी के बीच रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां-**

1. एक से सात सितंबर तक 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर -नैनपुर होकर चलेगी।

2. दो से आठ सितंबर तक 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नैनपुर-जबलपुर-कटनी होकर चलेगी।

## मुख्यमंत्री जी आप रोज आयें...



**टिप्पणी**

चुनाव नजदीक हैं, नेताओं का आना जाना संस्कारधानी में लगा है, सभी पार्टियों के नेता समय-समय पर शहर में दस्तक दे रहे हैं। अखबारों में एक खबर छप छप के थक गई कि सड़कों पर आवारा मवेशी घूम रहे हैं। ऐसा कोई अखबार न होगा जिसने अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं दी। कुछ दिन कार्यवाही हुई, उसके बाद सब ठंडे बस्ते में। दुर्घटनाएं हुई, रोज सड़कों पर इनके कारण जाम की स्थिति बन रही, हर चौराहों में झुंड के झुंड लग रहे। सड़कों से मवेशियों को पकड़ने का काम पुलिस का तो नहीं, नगर निगम का जरूर है। लेकिन निगम के अधिकारियों को भी कोई चिंता नहीं और न कोई सुध। लेकिन मुख्यमंत्री का जबलपुर में आगमन क्या हुआ सुबह से शाम तक नगर निगम की हाका गैंग मवेशियों को पकड़ने में जुट गई। जहां-जहां से मुख्यमंत्री जी निकले वहां से मवेशी गायब हो गए। जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम के अधिकारी शहर की साफ-सफाई, यातायात सुधारने में लग गए। लेकिन विडंबना देखिए, जहां मुख्यमंत्री का जाना नहीं हुआ, वहां मवेशियों की चौपाल लगी मिली। कलेक्ट्रेट से कांचघर तक एक मवेशी देखने को नहीं मिला। इसलिये मुख्यमंत्री जी से निवेदन हैं, कि वे चुनाव तक जबलपुर में ही रूक जाएं। जनता तो बोल-बोल के थक चुकी पर अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। पिछले कलेक्टर ने आदेश दिये थे कि आवारा मवेशी के मालिकों पर जुर्माना लगाने के, वो आदेश भी उनके साथ स्थानांतरित हो गया। यहां के राजनीतिक नेतृत्व में इतना भी दम नहीं, कि शहर की सड़के ही साफ सुथरी करा दें। अब सारी उम्मीदें मुख्यमंत्री से ही हैं कि अगर वह शहर में बने रहेंगे तो शायद शहर के अधिकारियों की मुर्दनी समाप्त होगी और शायद हम जबलपुर एक कस्बा की मानसिकता को बदल सकेंगे।

## नर्मदा मंदिर में प्रवेश पर ड्रेस कोड लागू: बोर्ड पर लिख दिया- महिलाएं एवं पुरुष मंदिर परिसर में मर्यादित कपड़े में ही आए

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले के अमरकंटक में नर्मदा मंदिर में भी श्रद्धालुओं के पहनावे को लेकर बड़ा फैसला किया है। नर्मदा मंदिर ट्रस्ट एवं पुजारियों के निर्णय लिया कि अब से कोई भी श्रद्धालु छोटे कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेगा। मंदिर ट्रस्ट की जानकारी के अनुसार, नर्मदा मंदिर की गरिमा बनाए रखने के लिए भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही कपड़े पहनने होंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर परिधान को लेकर बोर्ड नर्मदा मंदिर ट्रस्ट एवं पुजारियों ने लगाया है, जिसमें कपड़ों को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा है कि महिलाएं एवं पुरुष मंदिर परिसर में मर्यादित कपड़े में ही आए। छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बरमूडा, नाईट सूट, मिनी स्कर्ट, कटी-फटी जींस और क्रॉप टाप जैसे अभद्र कपड़े पहन कर मंदिर में प्रवेश बंद है। महिलाएं विशेषत: आदर्श जनक कपड़े का उपयोग करें जैसे साड़ी, सलवार सूट। मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा है कि मंदिर दर्शन की जगह है, खुद की प्रदर्शनी की नहीं।

नर्मदा मंदिर में शुक्रवार की शाम बाद नर्मदा मंदिर के प्रवेश द्वार पर एक साइन बोर्ड भी लगा दिया गया है। नर्मदा मंदिर पुजारी पंडित धनेश द्विवेदी ने नर्मदा मंदिर में आने वाले सभी यात्रियों से अनुरोध किया हैं कि पूजन स्थल की मर्यादा के अनुरूप वस्त्र धारण कर ही मंदिर प्रांगण में प्रवेश करें, मंदिर तथा तीर्थ की मर्यादा का पालन करें अन्यथा प्रवेश न करें।

पंडित उमेश द्विवेदी नर्मदा मंदिर पुजारी का कहना है कि सभी संस्थानों का अपना विशेष वस्त्र परिधान होता हैं। ऐसे ही मंदिर में पूजन करते समय पारंपरिक परिधान होना चाहिए। मंदिर में मर्यादित वस्त्रों का ही उपयोग करें।

**गेट के बाहर कर्मचारी किए जाएंगे नियुक्त-** नगर परिषद अमरकंटक सीएमओ चैन सिंह परस्ते ने बताया कि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर साइन बोर्ड लगवाया है, ताकि आने वाले तीर्थ यात्रियों को यह मालूम हो सके कि मंदिर में प्रवेश करना हैं तो मर्यादित परिधान में ही प्रवेश करें।

## जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस अब डबरा स्टेशन पर भी रुकेगी, रेलवे ने किया ऐलान

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय द्वारा गाड़ी संख्या 12191/12192 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर- हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस का डबरा रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस 26.08.2023 से डबरा रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 19.46/19.48 बजे से रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर- हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस का डबरा रेलवे स्टेशन पर 27.08.2023 से आगमन/प्रस्थान समय प्रात: 05.06/05.08 बजे रहेगा।

## श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के फरार एमडी को नहीं मिली राहत

**हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों का जमानत आवेदन किया खारिज**



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के फरार एमडी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं अन्य आरोपियों में राम राव दाढें, नारायण दस,राम संजीवन पाल के जमानत आवेदन को जस्टिस नंदिता दुबे की कोर्ट ने खारिज कर दिया।

सीबीआई की तरफ़ से पंकज दुबे अधिवक्ता ने कोर्ट में पक्ष रखा। यहां गौरतलब है कि आरोपियों द्वारा एमपी हाईकोर्ट में लगाए गए जमानत आवेदन पर 21 अगस्त को जस्टिस नंदिता दुबे की कोर्ट में सुनवाई हुई थी। जमानत आवेदन पर सुनवाई के उपरांत कोर्ट ने आदेश सुरक्षित कर दिया था।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई को शिकायत मिली थी कि कटनी फोरलेन बायपास निर्माण के दौरान रेलवे लाइन पर बन रहे पुल में श्रीजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने रेल और एनएचएआई अधिकारियों के साथ मिलकर लाखो रुपए का फर्जीवाड़ा किया है। जिसके बाद श्री जी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यालय व अन्य स्थानों में 25-26 जुलाई को छापामारी करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

वहीं सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में बताए गए मुख्य आरोपी कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह अभी भी फरार है।

## अनूपपुर में दो तस्करों से 24 लाख का गांजा बरामद



**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनुपपूर जिले में अब तक की सबसे बड़ी गांजे की खेप पकड़ी है और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

यह घटना जिले के करनपठार थाना अंतर्गत टेड़ी तिराहे की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार टेड़ी तिराहे पर अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। गांजा तस्कर फिल्मी अंदाज में खाली प्लास्टिक की बोरी के नीचे गांजा छुपा कर रखे थे। पुलिस ने इस दौरान एक क्विंटल गांजा जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बोलेरो (सीजी 13 एल 6731) को पुलिस ने टेड़ी तिराहे पर रोक कर पूछताछ की। पिकअप वाहन की तलाशी के दौरान खाली प्लास्टिक बोरियों के बीच गांजा दबाकर रखा मिला। यह तौल में 1 क्विंटल 24 किलो 500 ग्राम गांजा पाया गया। इसे आरोपी अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम में खपाने के फिराक में थे।

पुलिस ने इस कार्रवाई में आरोपी सुरेश राजवाड़े और ईश्वर राजवाड़े निवासी सूरजपुर छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया है। अवैध मादक पदार्थ गांजा पिकप समेत कुल कीमत 24 लाख 94 हजार रुपए है।

## कॉलेज लेवल काउंसलिंग का छठवां चरण 28 अगस्त से प्रारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की शासकीय /अनुदान प्राप्त अशासकीय /निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश का छठवां कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण 28 अगस्त 2023 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकेगा।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया में वर्तमान में पांच कॉलेज लेवल काउंसलिंग संचालित की जा चुकी है और अब तक लगभग 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। इसमें 28 अगस्त से 1 सितंबर तक विद्यार्थी नवीन पंजीयन और सभी विद्यार्थी चॉइस फिलिंग कर सकेंगे।

स्नातक प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन 29 से 4 सितम्बर 2023 तक कर सकते हैं। प्रावीण्य सूची 6 सितंबर को महाविद्यालय की सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में पाठ्यक्रम /विशेष समूह के अपग्रेडेशन 6 से 12 सितंबर 2023 तक कर सकते हैं। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थान गुणानुक्रम के आधार पर शेष आवेदकों को आवंटन पत्र 13 सितंबर को जारी किया जाएगा।

## तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत: नहाने के लिए घर से निकले थे बच्चे

**ग्रामीण बोले- अवैध उत्खनन से बढ़ी तालाब की गहराई**

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले के परसवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बीजाटोला में गांव के तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला और अस्पताल लाया, यहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना शनिवार सुबह लगभग 11.30 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मयंक पिता रंजीत कोहरे (8) और पुष्पेंद्र पिता ओंमकार दौने (7) तालाब में नहाने गए थे। इस दौरान तालाब में दोनों मासूम डूब गए। घटना के बाद मृतक बच्चों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरा माहौल गमगीन हो गया।

**एक बच्चे को डूबते देखा- प्रत्यक्षदर्शी-** प्रत्यक्षदर्शी देवानंद दौने ने बताया कि जब वह खेत से वापस लौट रहा था, तो मैंने एक बालक को डूबते देखा। उसे बचाने के लिए उसने शोर मचाया, लेकिन तब तक बच्चा गहरे पानी मे डूब चुका था। बाद में तालाब से दो मासूम बच्चों का शव बाहर निकाले गए। अवैध उत्खनन से बढ़ तालाब की गहराई

ग्रामीण मनोहर बगारे के घर के पीछे ही वह तालाब है, जहां दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यदि तालाब की दृष्टि से इसे बनाया जाता, तो संभवत: ऐसा घटना घटित नहीं होती। लेकिन गर्मी में मुरूम और मिट्टी निकालने के लिए तालाब से जेसीबी मशीन से अवैध उत्खनन किया था। इससे यह तालाब नहीं बल्कि मौत का गड्ढा बन गया है। लोगों की माने तो क्षेत्र में अवैध उत्खनन के कारण कई जानलेवा गड्ढे बन गए है।



फिलहाल परसवाड़ा पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। बच्चों की मौत से गांव में गमगीन माहौल है।

POPULAR FRESH momos 'n' more MOMO'S King
ट्रेडमार्क रजिट्रेशन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के व्यापार चिन्ह अधिनियम 1999 के अंतर्गत हमारे उत्पाद पॉपुलर फ्रेश मोमोज एंड मोर को व्यापार चिन्ह संख्या 4624803 दिनांक 25.8.2020 जर्नल क्रमांक 2097 दिनांक 27.3. 2023 द्वारा उत्पाद एवं सेवा श्रेणी के अंतर्गत रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क है, जिसकी सोल प्रोपराइटर हेमलता मुन्देपी है।
सूचना से यह भी सूचित किया जाता है कि हमारे उत्पाद नाम पॉपुलर फ्रेश मोमोज एंड मोर का अनाधिकृत उपयोग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
हेमलता मुन्देपी
(डायरेक्टर) पी.एफ.एम. फूड इंडस्ट्रीज प्रा. लि.
चतुर्थ तल, एस.जी. स्क्वेयर, रामपुर चौक, जबलपुर (म.प्र.),
फोन : 7000704825
SHRUTI

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
FREE FREE FREE FREE
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 112
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 114
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 118
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 116
मुर्गा जम्बो - रु. 116
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
DREAM GIRL-2: 09:10 AM, 10:00 AM, 12:30 PM, 03:00 PM, 05:45 PM, 08:15 PM, 09:00 PM, 10:45 PM
GADAR-2: 09:00 AM, 10:00 AM, 12:00 PM, 01:00 PM, 02:30 PM, 04:15 PM, 05:45 PM, 07:35 PM, 10:55 PM
OMG-2: 11:30 AM, 03:15 PM, 09:00 PM, 11:30 PM
GRAN TURISMO IN ENGLISH: 06:30 PM
CINEMA CINEMA